


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 27 सितंबर 2025 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष -41 ■ अंक-181 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 28 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## अमृत भारत एक्सप्रेस को पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी

**रायपुर,27 सितंबर।** उधना (गुजरात) से ब्रह्मपुर (ओडिशा) के बीच राज्य की पहली अत्याधुनिक नॉन-एसी स्लीपर अमृत भारत एक्सप्रेस 27 सितंबर से पटरी पर दौड़ने लगी है. ब्रह्मपुर से इस ट्रेन को पीएम मोदी और उधना से इस ट्रेन को रेल मंत्री ने हरी झंडी दिखाई. 5 अक्टूबर से यह ट्रेन नियमित सेवा के रूप में चलेगी और ट्रेन की बुकिंग शुरू हो गई है. रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह ट्रेन आम आदमी को किफायती किराए में आधुनिक सुविधाओं से लैस यात्रा का अनुभव कराएगी. उधना से शुरू होने वाली अमृत भारत ट्रेन का नंदुरबार, जलगांव, भुसावल, बडनेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, रायपुर, टिटलागढ़, रायगड़ा, विजयनगरम और पालासा समेत कई प्रमुख स्टेशनों पर स्टॉप रहेगा.

एक और अमृत भारत ट्रेन की मिली सौगात, इन शहरों के बीच भरेगी फर्राटा; पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी पीएम मोदी ने संबलपुर शहर में 273 करोड़ की लागत से निर्मित पांच किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। जून 2024 में ओडिशा में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से 15 महीने में प्रधानमंत्री का राज्य का यह छठा दौरा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा से दूरसंचार, रेलवे और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों से जुड़ीं 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से राज्य तेजी से प्रगति कर रहा है। मोदी ने देश भर में 8 आईआईटी के विस्तार की आधारशिला रखी, जिससे अगले चार वर्षों में 10 हजार नए छात्र IIT में पढ़ सकेंगे। प्रधानमंत्री ने झारसुगुड़ा में रैली में को संबोधित करते हुए कहा कि कला और संस्कृति के प्रति ओडिशा का प्रेम और लगाव विश्व प्रसिद्ध है। मोदी ने कहा कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से ओडिशा तेजी से प्रगति कर रहा है। पीएम मोदी ने गुजरात के सूरत जिले में बरहामपुर को उधना से जोड़ने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि ब्रह्मपुर-उधना अमृत भारत ट्रेन से गुजरात में रह रहे ओड़िया लोगों को फायदा होगा। चिप से लेकर शिप तक भारत को आत्मनिर्भर बनाना हमारा संकल्प है। प्रधानमंत्री ने 1400 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 34 किलोमीटर लंबी कोरापुट-बैगुड़ा रेल लाइन और 82 किलोमीटर लंबे मनाबर-कोरापुट-गोरपुर खंड राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने बीएसएनएल की स्वदेशी तकनीक से निर्मित 97,500 से अधिक 4जी दूरसंचार टावरों की शुरुआत की।

### 5 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी ने संबलपुर शहर में 273 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पांच किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। जून 2024 में ओडिशा में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से 15 महीने में प्रधानमंत्री का राज्य का यह छठा दौरा है। मोदी का झारसुगुड़ा दौरा सात साल के अंतराल के बाद हुआ है। वह 22 सितंबर 2018 को ओडिशा के दूसरे वाणिज्यिक हवाई अड्डे का उद्घाटन करने के लिए यहां आए थे।

## संक्षेप

### 4 बच्चों को रोता छोड़कर प्रेमी के साथ भागी महिला

**मुजफ्फरनगर ,27 सितंबर** । जिले के चरथावल थाना क्षेत्र के मथुरा गांव से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां चार बच्चों की एक 37 वर्षीय हिंदू माँ अपने मुस्लिम प्रेमी के साथ फरार हो गई है। घटना के 21 दिन बीत जाने के बाद भी महिला और उसके प्रेमी का कोई पता नहीं चल पाया है, जिसको लेकर स्थानीय हिंदू समाज में भारी रोष है। मामला मथुरा गांव का है, जहां राजकुमार नामक व्यक्ति की 37 वर्षीय पत्नी रितु कश्यप 6 सितंबर को अपने पड़ोस में रहने वाले जाबिर नामक मुस्लिम युवक के साथ कथित तौर पर प्रेम प्रसंग के चलते घर से भाग गई। अपने पीछे वह अपने चार बच्चों को पति के पास छोड़ गई है। पीड़ित पति राजकुमार ने तुरंत इसकी सूचना चरथावल थाने में दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कई दिन बीत जाने के बाद भी जब पुलिस रितु कश्यप को बरामद नहीं कर सकी, तो हिंदू समाज का गुस्सा फूट पड़ा। शुक्रवार को स्वामी यशवीर जी महाराज के नेतृत्व में मथुरा गांव में एक महापंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में पुलिस को महिला की बरामदगी के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। इसके साथ ही एक बड़ा फैसला लेते हुए, गांव के 15 से 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले सभी मुस्लिम परिवारों का सामाजिक बहिष्कार करने का ऐलान किया गया।

### भारत का स्वदेशी 4जी नेटवर्क होगा शुरू

**नई दिल्ली ,27 सितंबर ।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में भारत के पूरी तरह स्वदेशी 4जी स्टैक और 97,500 से अधिक स्वदेशी बीएसएनएल टावरों का उद्घाटन करने जा रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस पहल से पूरे देश में 100 प्रतिशत 4त्र कवरेज सुनिश्चित होगा, जिससे हर नागरिक की डिजिटल कनेक्टिविटी मजबूत होगी। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा, भारत के दूरसंचार क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक अवसर और बीएसएनएल के 25 शानदार वर्षों के जश्न के अवसर पर, पीएम मोदी ओडिशा, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, असम, गुजरात और बिहार में भारत के पूरी तरह स्वदेशी 4जी स्टैक और 97,500 से अधिक स्वदेशी बीएसएनएल टावरों का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि ये पहलें आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ी छलांग हैं, जो भारत को टेलीकम्युनिकेशन के सेक्टर में एक ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित करती हैं। केंद्रीय मंत्री ने एक वीडियो शेयर कर कहा, भारत को जोडऩे के 25 वर्ष, स्वदेशी ताकत पर आधारित भविष्य। बीएसएनएल अपनी सिल्वर जुबली 'मेड इन भारत 4जी क्रांति के साथ मना रहा है।

## बर्खास्त बीएड शिक्षकों के समायोजन के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**बिलासपुर,27 सितंबर।** हाईकोर्ट ने 2,621 बर्खास्त बीएड योग्य सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक (विज्ञान/लैबोरेटरी) पद पर समायोजित करने के राज्य सरकार के फैसले को सही ठहराया है. मामले में जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने कहा, कि यह निर्णय न तो अवैध है और न ही मनमाना. बता दें कि जांजगीर चांपा निवासी संजय कुमार और मुंगेली निवासी विजय कश्यप ने अप्रैल 2025 में लिए गए सरकार के निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी . याचिका में कहा था कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के तहत सहायक शिक्षक के पूरे पद सीधी भर्ती से भरे जाने हैं,लेकिन सरकार ने इन पदों पर बर्खास्त शिक्षकों को समायोजित कर नियमों का उल्लंघन किया है. सरकार की ओर से तर्क दिया गया कि 4422 रिक्त पदों में से 2621 बर्खास्त शिक्षकों को समायोजित किया,जो अप्रैल 2024 में हाईकोर्ट के आदेश से बर्खास्त हुए थे . ये तमाम शिक्षक बीएड धारक थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद डीएड योग्यता जरूरी होने से उनकी सेवाएं समाप्त हुई .सभी दलीलों को सुनने के बाद हाई कोर्ट ने माना कि सरकार का यह कदम नियमों के अनुरूप है और इसमें कोई मनमानी नहीं है. इसलिए याचिका को खारिज कर राज्य सरकार के समायोजन फैसले को बरकरार रखा गया.



### मुंबई एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क विभाग की बड़ी कार्रवाई

**मुंबई ,27 सितंबर।** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (सीएसएमआई), मुंबई पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 21 से 24 सितंबर के बीच की ड्यूटी के दौरान कई बड़ी कार्रवाइयां करते हुए करोड़ों रुपए के मादक पदार्थ, विदेशी मुद्रा और सोना बरामद किया है। अधिकारियों ने विभिन्न मामलों में दो यात्रियों को गिरफ्तार भी किया है।पहले मामले में सीमा शुल्क अधिकारियों ने प्रोफाइलिंग के आधार पर कोलंबो से फ्लाइट नंबर यूएल-141 से आए एक यात्री को रोका। जांच में यात्री के ट्रॉली बैग से 2.624 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद हुई,

## प्रदेश और देश में कांग्रेस का जनाधार खत्म : टंकराम वर्मा

**रायपुर,27 सितंबर।** देशभर में कांग्रेस सत्तारूढ़ भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाते हुए 'वोट चोर गद्दी छोड़' का अभियान चला रही है. PM मोदी को 'वोट चोर' कहने पर छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कांग्रेस पर पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने सबूत मांगे थे, लेकिन कांग्रेस कोई सबूत पेश नहीं कर सकी. जनता ने उन्हें एक लाइन में खारिज कर दिया है. मंत्री वर्मा ने कहा कि कांग्रेस के पास अब बोलने को कुछ नहीं है. पीएम मोदी को पहले 'चौकीदार चोर' कहा, अब 'वोट चोर' बोल रहे हैं. वे जनता को गुमराह कर रहे हैं, लेकिन प्रदेश और देश में उनका जनाधार खत्म हो चुका है.



**कांग्रेस बूथ अध्यक्ष नियुक्ति पर कसा तंज**-कांग्रेस के संगठन सृजन पर मंत्री टंक राम वर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा में बूथ, मंडल से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक लोकतांत्रिक नियुक्ति होती है. कांग्रेस में पहले राष्ट्रीय नेताओं की नियुक्ति होती है, फिर उनके नीचे अन्य नेताओं की. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कहते हैं कि ऐसा बूथ अध्यक्ष बनाएंगे, जो उनके आदेश पर कुत्ते की तरह भौंके.

**कम बारिश होने से फसलें प्रभावित**-वहीं छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्रों में इस साल कम वर्षा हुई है, जिसके चलते कई किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं. राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि राजस्व विभाग सभी जिलों में सर्वे कर रहा है, रिपोर्ट आने के बाद कहां और कितनी फसल प्रभावित हुई है, यह स्थित साफ होगी.

## बरेली बवाल में मौलाना तौकीर रजा गिरफ्तार

**बरेली,27 सितंबर।** यूपी के बरेली में शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद शहर में कई जगह उपजे बवाल के मामले में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार सुबह करीब पांच बजे पुलिस ने उनका मेडिकल कराया और इसके बाद सुबह छह बजे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। अब सुरक्षा कारणों से मौलाना को सीतापुर जेल भेजा जा रहा है। बवाल के दौरान पथराव और झड़पों में 15 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे, जिनका जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके अलावा मौलाना के सात समर्थकों का भी मेडिकल कराया गया है, जिन्हें जेल भेजा जाएगा। बता दें कि कानपुर प्रकरण को लेकर शुक्रवार को बरेली में बवाल की स्थिति बनी रही। नमाज के बाद कोतवाली के खलील तिराहे से बवाल शुरू हुआ और फिर शहर के विभिन्न इलाकों में पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई। इसको लेकर पुलिस और प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। बरेली में बवाल के बाद आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा का नाम एक बार फिर चर्चा में है।

## नक्सलियों की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ध्वस्त, भारी मात्रा में हथियार, बारूद और निर्माण उपकरण बरामद

**सुकमा,27 सितंबर।** सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया है. सुकमा जिले के मेट्टागुड़ा कैम्प क्षेत्र में नक्सलियों की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री को ध्वस्त कर दिया है. फैक्ट्री से भारी मात्रा में हथियार, बारूद और निर्माण उपकरण बरामद किया गया है. दरअसल, मेट्टागुड़ा कैम्प से जिला बल और 203 कोबरा वाहिनी की संयुक्त पार्टी सर्च ऑपरेशन के लिए निकली थी. इस दौरान ग्राम कोईमेंटा के आसपास जंगल-पहाड़ियों में जवानों ने गहन सर्चिंग शुरू की. जंगल में नक्सलियों की हथियार और विस्फोटक बनाने की फैक्ट्री का पता चला. जवानों ने मौके पर नक्सलियों की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री को ध्वस्त कर दिया.



## पिकअप -बाइक में टक्कर 2 युवकों की मौत

**डोंगरगढ़,27 सितंबर।** राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र आज सुबह पिकअप और बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक दोनों युवक अपने दोस्तों के साथ मां बम्लेश्वरी के दर्शन कर घर लौट रहे थे। यह हादसा ग्राम मुंदगांव में करीब 10 बजे हुआ। घटना के बाद पिकअप वाहन चालक फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत हादसे की सूचना पुलिस को दी। डोंगरगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान अमित साहनी (कृष्णा नगर) और सचिन यादव (कुरूद, भिलाई) के रूप में हुई है। पुलिस घटना स्थल की जांच कर रही। वहीं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि वाहन चालक को जल्द पकड़ा जा सके। स्थानीय लोग और मृतकों के परिजन हादसे से गहरे शोक में हैं और सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने राहगीरों और वाहन चालकों को सुरक्षित गति बनाए रखने और सड़क नियमों का पालन करने की चेतावनी भी जारी की है।

## ट्रंप भारत पर लगाने वाले हैं नया टैरिफ

वाशिंगटन,27 सितंबर। डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाला अमेरिकी प्रशासन आयातित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर टैरिफ लगाने की योजना पर विचार कर रहा है, जो उनमें लगे चिप्स की संख्या पर निर्भर करेगा। रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से यह दावा किया है। इस प्रस्ताव के तहत, अमेरिकी वाणिज्य विभाग उत्पाद के अनुमानित चिप मूल्य के प्रतिशत के रूप में टैरिफ की गणना करेगा। यह कदम निर्माताओं को उत्पादन अमेरिका में स्थानांतरित करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता कुश देसाई ने इस मामले पर रॉयटर्स से कहा अमेरिका सेमीकंडक्टर उत्पादों के लिए विदेशी आयात पर निर्भर नहीं रह सकता, जो हमारी राष्ट्रीय और आर्थिक सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। ट्रम्प प्रशासन टैरिफ, कर कटौती, विनियमन और ऊर्जा प्रचुरता के साथ महत्वपूर्ण विनिर्माण को वापस अमेरिका में लाने के लिए एक सूक्ष्म, बहुआयामी दृष्टिकोण को लागू कर रहा है। प्रभावित होने वाले उत्पादों के दायरे, टैरिफ दरों और संभावित छूटों के बारे में अनिश्चितता बनी हुई है। वाणिज्य विभाग चिप सामग्री पर 25% और जापान व यूरोपीय संघ से आने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स पर 15% की दर तय करने पर विचार कर रहा है, हालाँकि ये आँकड़े अभी भी प्रारंभिक हैं। यदि इसे क्रियान्वित किया गया तो यह नीति टूथब्रश से लेकर लैपटॉप तक उपभोक्ता वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर लागू होगी, जिससे अमेरिकी परिवारों की लागत में संभावित रूप से वृद्धि होगी। अर्थशास्त्रियों ने चेतावनी दी है कि इससे मुद्रास्फीति भी बढ़ सकती है। रूढ़िवादी अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के अर्थशास्त्री माइकल स्ट्रेन के अनुसार, इस कदम से उपभोक्ता मूल्य बढ़ेंगे, ऐसे समय में जब अमेरिका मुद्रास्फीति की समस्या से जूझ रहा है.



## सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद लद्दाख में चारों ओर सन्नाटा

**श्रीनगर,27 सितंबर।** लद्दाख में हिंसा के बाद लगातार चौथे दिन भी कर्फ्यू जारी है। चारों ओर सन्नाटा पसरा है और सुरक्षाबल चप्पे-चप्पे पर नजर रख रहे हैं। पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने एक दिन पहले राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को हिरासत में लिए जाने के बाद गश्त और जांच तेज कर दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सोनम वांगचुक को गिरफ्तारी के बाद राजस्थान की जोधपुर जेल में भेज दिया गया है। शुक्रवार देर रात जारी एक बयान में उपराज्यपाल के नेतृत्व वाले प्रशासन ने वांगचुक की हिरासत को उचित ठहराया और कहा कि नेपाल आंदोलन व अरब स्प्रिंग के संदर्भ वाले उनके कथित भड़काऊ भाषणों के परिणामस्वरूप बुधवार को हिंसा हुई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बयान में कहा गया है कि शांतिप्रिय शहर लेह में "सामान्य स्थिति बहाल करने" के लिए वांगचुक की हिरासत जरूरी है। एक अधिकारी ने कहा, 'पिछले 24 घंटे में लद्दाख में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबंध लगाए गए हैं।' उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता जल्द ही राजभवन में एक उच्च-स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे और कर्फ्यू में ढील देने का कोई भी निर्णय उसी के अनुसार लिया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने गश्त और जांच तेज कर दी है। साथ ही फरार दंगाइयों को पकड़ने के लिए छापेमारी भी जारी है। अधिकारी ने कहा कि फरार दंगाइयों में एक पार्षद भी शामिल है, जिसने कथित तौर पर हिंसा भड़काई थी।झड़पों के बाद 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया, जबकि करगिल समेत केंद्र शासित प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों में भी पांच या उससे ज़्यादा लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय (डीआईपीआर), लद्दाख ने शुक्रवार देर रात एक बयान में कहा, ''बार-बार यह देखा गया है कि वांगचुक राज्य की सुरक्षा के लिए हानिकारक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं और उनकी गतिविधियां शांति एवं सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए हानिकारक हैं।''




## अमेरिका की चेतावनियों को भारत ने टायर तले कुचला

**नई दिल्ली,27 सितंबर।** अपनी बातें मनवाने और भारत पर दबाव डालने के लिए डोनाल्ड ट्रंप एक मैक्सिमम प्रेशर पॉलिसी पर काम कर रहे हैं। इन पॉलिसी में अलग अलग सेक्टर पर टैरिफ लगाना, एच1बी वीजा का शुल्क बढ़ाना शामिल है। भारत के ट्रकों ने मक्कारी कर रहे कई देशों में हड़कंप मचा दिया है। भारत से लगातार गद्दारी कर रहे अमेरिका को जवाब देने के लिए भारत ने इन ट्रकों का इस्तेमाल जबरदस्त कूटनीतिक हमले के लिए किया है। भारत ने इन ट्रकों के जरिए अपनी इंसानियत और अमेरिका की हैसियत पूरी दुनिया के सामने दिखा दी है। दरअसल, अपनी बातें मनवाने और भारत पर दबाव डालने के लिए डोनाल्ड ट्रंप एक मैक्सिमम प्रेशर पॉलिसी पर काम कर रहे हैं। इन पॉलिसी में अलग अलग सेक्टर पर टैरिफ लगाना, एच1बी वीजा का शुल्क बढ़ाना शामिल है। पाकिस्तान से दोस्ती और रूस का नाम लेकर भारत को कोसना भी ट्रंप की मैक्सिमम प्रेशर पॉलिसी का हिस्सा है। अमेरिका ये सब इसलिए कर रहा है क्योंकि भारत उसकी बात मान जाए। ऐसेमें डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ दिन पहले ईरान के चाबहार पोर्ट को लेकर दी गई छूट को रद्द करने का ऐलान कर दिया। आप जानते ही हैं कि अमेरिका ने ईरान पर कई तरह के प्रतिबंध लगा रखे हैं। अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से किसी भी देश का ईरान के साथ व्यापार करना लगभग असंभव है। लेकिन अमेरिका ने साल 2018 में चाबहार पोर्ट को अफगानिस्तान की मदद और विकास के लिए छूट दी थी। यानी अमेरिका के जो प्रतिबंध पूरे ईरान पर थे वो चाबहार पोर्ट पर लागू नहीं होते थे। इस पोर्ट का निर्माण भारत ने किया था और ये उसके लिए रणनीतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण भी है। लेकिन अब ट्रंप ने कह दिया है कि ईरान की गलत हरकतों को रोकना चाहता हैं इसलिए हम चाबहार पोर्ट को दी गई खास छूट को रद्द कर रहे हैं। भारत को चोट पहुंचाने के लिए अमेरिका ने ये ऐलान किया। अब पीएम मोदी ने इसी चाबहार पोर्ट पर ट्रक दौड़ा दिए हैं। भारत ने पिछले महीने आए भीषण भूकंप से तबाह हुए अफ़ग़ानिस्तान को मानवीय सहायता की एक नई खेप भेजी है। तीन कंटेनरों में भरी यह राहत सामग्री चाबहार बंदरगाह के रास्ते काबुल पहुँची और अफ़ग़ान अधिकारियों को सौंप दी गई। इस सहायता के साथ, प्रभावित लोगों की सहायता के लिए भेजी गई सहायता की यह तीसरी खेप है। इस खेप में खाद्य आपूर्ति, वाटर प्यूरीफायर, प्रोटीन पाउडर, टिन की चादरें, स्लीपिंग बैग, स्वच्छता किट, जल भंडारण टैंक, जनरेटर सेट, पारिवारिक टेंट, कंबल, आवश्यक दवाइयाँ और अन्य चिकित्सा सामग्री जैसी आवश्यक वस्तुएँ शामिल हैं।



## कोरबा कलेक्टर को हटाने सीएम हाउस के सामने धरने पर बैठेंगे ननकी राम कंवर

**रायपुर,27 सितंबर।** पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर ने कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत को हटाने सीएम हाउस के सामने 4 अक्टूबर को धरना-प्रदर्शन करेंगे. इसके लिए उन्होंने रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह को पत्र लिखकर अनुमति मांगी है. कंवर पहले ही कोरबा कलेक्टर को हटाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिख चुके हैं. पूर्व गृह मंत्री कंवर ने रायपुर कलेक्टर को लिखे अपने पत्र में कहा कि कोरबा कलेक्टर अजित वसंत के विरुद्ध जन भावना को देखते हुए 14 बिंदुओं पर मुख्यमंत्री सहित कई केबिनेट मंत्री के समक्ष शिकायत कर चुका हूं, लेकिन ऐसे भ्रष्ट हिटलर प्रशासक के विरुद्ध कोई जांच नहीं किए जाने पर मुझे धरने पर बैठने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है. इससे मुझे समझ आ रहा है कि मुख्यमंत्री का आवास कार्यालय में बैठे कुछ आईएएस अधिकारी के कंट्रोल में सरकार चल रहा है, जो भ्रष्ट अधिकारी को बचाने के लिए मुख्यमंत्री को वास्तविक जानकारी से अवगत नहीं कराते हुए उन्हें गुमराह कर रहे हैं.

एक नजर

## प्रियदर्शिनी परिसर ईस्ट विकास समिति ने महापौर और आयुक्त का किया सम्मान



**भिलाई, 27 सितम्बर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में भिलाई ने स्वच्छता श्रेणी में अखिल भारतीय स्तर पर 7वां स्थान प्राप्त कर नगर का नाम पूरे देश में रोशन किया है। इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए प्रियदर्शिनी परिसर (ईस्ट) विकास समिति ने महापौर नीरज पाल और आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय का अभिनंदन किया। समिति अध्यक्ष जे.एन. तिवारी की अध्यक्षता में परिसर प्रांगण स्थित बाल उद्यान के सियान सदन में आयोजित कार्यक्रम में दोनों अतिथियों का सम्मान नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। समिति ने निगम के स्वच्छता प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस उपलब्धि ने भिलाई की पहचान और प्रतिष्ठा को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत किया है। कार्यक्रम में परिसर के वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह से जुड़े सांस्कृतिक योगदान के लिए मातृशक्ति पूनम सिंह, डॉ. मृदुला चतुर्वेदी, भावना चतुर्वेदी, सोनल सोनी और स्वाति साहू को सम्मान पत्र प्रदान किए गए। वहीं राम भक्त पवनसूत हनुमान जयंती उत्सव में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले बालक राजवीर सिंह, यथार्थ और आर्यश को महापौर नीरज पाल ने नोनिहाल अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर परिसर के डॉ. एस.पी. त्रिपाठी, गणेश ताम्रकार, आर.एस. शर्मा, संतोष मिश्रा, शैलेन्द्र गुप्ता, अजीत सिंह, सुनील कामड़े, विनोद शैल, एन.के. चौहान, संजय चतुर्वेदी, जोगिंदर सिंह, डॉ. कैलाश शर्मा, सुशील कामड़े सहित बड़ी संख्या में निवासी, महिलाएं और बच्चे उपस्थित थे।

# ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज में भू-भाटक बकायेदारों को निगम ने थमाया नोटिस

**भिलाई-चरौदा।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा के राजस्व विभाग ने भू-भाटक (लीज रेंट) के बकायेदारों पर सख्ती दिखाते हुए ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज में नोटिस जारी किए हैं। निगम की कार्रवाई में सामने आया कि हथखोज क्षेत्र से करीब 50 लाख रुपये भू-भाटक अब भी वसूला जाना शेष है। महापौर निर्मल कोसरे और आयुक्त डी.एस. राजपूत के निर्देश पर निगम की टीम लगातार टैक्स वसूली के लिए फील्ड में काम कर रही है। भौतिक सत्यापन के दौरान निहारिका परिसर भिलाई-03 और ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज में



पाया गया कि अधिकांश दुकानें किरायेदारों द्वारा संचालित हैं। मूल संपत्ति मालिकों द्वारा कर भुगतान को लेकर लापरवाही बरतने के कारण निगम ने दोनों व्यावसायिक कॉलोनियों के दुकान संचालकों को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू की। महापौर कोसरे ने राजस्व विभाग को निर्देश दिए हैं कि लंबे समय से बकाया राशि जमा नहीं करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। निर्देशों के बाद निगम कमिश्नर राजपूत के नेतृत्व में संपूर्ण प्रशासनिक अमला टैक्स कलेक्शन में सक्रिय हो गया है। कार्रवाई में सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरुणिमा दुबे, संपत्ति कर प्रभारी ललित चन्द्राकर, सहायक राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र चंद्राकर और लालाराम साहू उपस्थित रहे।



## सुबह-सुबह नेउरगांवकला में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा की

**कवर्धा,27 सितंबर।** नवदुर्गा उत्सव गोटियापारा गांव नेउरगांव कला में मां दुर्गा की मूर्ति विराजित की गई । सरपंच विवेका चंद्रवंशी , कुशल चंद्रवंशी सहित श्रद्धालुओं ने पूजा की । पडा संतोष निर्मलकर ओर संतु यादव ने बताया की दो कलश प्रज्वलित है ।

# भिलाई चरौदा में सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण, योजनाओं की दी जानकारी




**भिलाई-चरौदा।** नगर निगम चरौदा स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार 26 सितम्बर को निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें निगम कमिश्नर डी एस राजपूत प्रमुख रूप से शामिल हुये। शिविर में सफाई कार्य में कार्यरत महिला एवं पुरुष कर्मचारियों का एएमयू टीम द्वारा परीक्षण करने के साथ उन सभी को प्रधानमंत्री आवास योजना समेत प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ प्राप्त करने जानकारी से अवगत कराया गया। उल्लेखनीय है कि इस शिविर के आयोजन का उद्देश्य एक साथ शासन की सभी महत्वपूर्ण एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से सफाई मित्र कर्मचारियों को इनका लाभ लेने प्रेरित किया जाना था। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा से जया पमनानी, टिकेन्द्र शर्मा के अलावा पी एम सूर्य घर योजना विशेषज्ञ अपनी टीम के साथ एवं निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

**महासमुंद 27 सितम्बर।** रजत जयंती वर्ष एवं सेवा पखवाड़ा 2025 अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ एवं पोषण को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत 17 सितम्बर से किया गया है। यह अभियान जिले में 02 अक्टूबर 2025 तक लगातार संचालित होगा। इसी क्रम में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार सम्मेलन में टीबी के मरीजों को निक्षय मित्रों के द्वारा पोषण आहार प्रदान किया गया ।



**कवर्धा।** नवयुवक शीतला मंदिर चौक पोड़ी में मां दुर्गा मूर्ति की श्रद्धालुओं ने की पूजा।

## आयुक्त ने नागरिकों के साथ श्रमदान कर स्वच्छता का दिया संदेश



**भिलाई, 27 सितम्बर।** नगर निगम जोन-5 अंतर्गत हुडको स्थित मंगल बाजार में शनिवार को आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान और रजत जयंती वर्ष के तहत निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने नागरिकों के साथ श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर आयुक्त पाण्डेय ने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर श्रमदान करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित लोगों को पूरे वर्ष मोहल्लों, सार्वजनिक स्थलों और उद्यानों की सफाई में सहयोग करने और गंदगी फैलाने वालों को रोकने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में महापौर परिषद सदस्य सीजू एंथोनी, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, उप अभियंता दीपक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक मौजूद थे। श्रमदान के पश्चात आयुक्त ने भारत माता उद्यान का निरीक्षण कर पेड़ों की छटाई एवं घास की सफाई के निर्देश दिए। वहीं हुडको गुरुद्वारा के पास स्थित पेयजल आपूर्ति की मुख्य पाइप लाइन में लिकेज की समस्या का त्वरित निराकरण करने के लिए सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर को निर्देशित किया। इसके साथ ही डीपीएस स्कूल में भी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को घर, गली और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प दिलाया।

## विश्व गर्भनिरोधक दिवस पर जेएलएनएचआरसी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भिलाई, 27 सितम्बर।** वाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र (जेएलएनएचआरसी) के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा 26 सितम्बर शुक्रवार को विश्व गर्भनिरोधक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जागरूकता कार्यक्रमों और नुक्कड़ नाटक व पोस्टर प्रदर्शनी सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक लोगों ने भाग लिया। यह पहल कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. रविंद्रनाथ एम. के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. सौरव मुखर्जी और डॉ. उदय कुमार के सहयोग से सम्पन्न हुई। ओपीडी परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता-सह-पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग,



अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग और श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्रों द्वारा तैयार किए गए 30 पोस्टरों के साथ-साथ जेएलएनएचआरसी स्टाफ द्वारा बनाए गए सात पोस्टर भी प्रदर्शित किए गए। पोस्टरों का मूल्यांकन निर्णायक मंडल की सदस्याओं डॉ. संबिता पंडा, डॉ. मनीषा कांगो और डॉ. पी. मर्सी द्वारा किया गया। अवसर को और रोचक बनाने के लिए पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्रों ने एक नाटक का मंचन किया, जिसमें गर्भनिरोधक के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। समारोह के दौरान पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं और नाटक के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी ने आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं में गर्भनिरोधक की आवश्यकता, इसके महत्व और उपलब्ध विभिन्न विधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के पूर्व दिवस 25 सितम्बर को, पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मुख्य सलाहकार (प्रसूति एवं स्त्री रोग) डॉ. हिमानी गुप्ता द्वारा जागरूकता वार्ता आयोजित की गई। इसके उपरांत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें 60 नर्सिंग छात्रों ने भाग लिया। इस सत्र का उद्देश्य गर्भनिरोधक और प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी ज्ञान का प्रसार करना था। इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीना गुहा द्वारा दिया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. निशा ठाकुर ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन डॉ. नीना गुहा और उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमन कुमार के समन्वय तथा विभाग के सामूहिक प्रयासों से सम्पन्न हुआ।

## स्ट्रीट फूड वेंडरों को दी गई स्वच्छता और योजनाओं की जानकारी



**रिसाली,27 सितंबर।** ग्राहकों की सेहत और परोसे जाने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम रिसाली में स्ट्रीट फूड वेंडर्स के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। लोक कल्याण मेला के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में वेंडरों को स्वच्छता अपनाने, सुरक्षित खाद्य सामग्री तैयार करने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के तरीके समझाए गए। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में हुए आयोजन में प्रथम एजूकेशन संस्था के भोजराम साहू ने बताया कि साफ-सफाई से तैयार भोजन ही ग्राहकों को आकर्षित करता है और बिक्री बढ़ाता है। उन्होंने बर्तन धोने, नाश्ता तैयार करने तथा अन्य खाद्य सामग्री को स्वच्छ रखने के तरीके विस्तार से बताए। खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी नारद कोसरे ने फूड लाइसेंस और खाद्य सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। कार्यशाला में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के बारे में भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि फुटकर व्यापारी अब व्यापार शुरू करने या बढ़ाने के लिए पहले से अधिक आसान शर्तों पर ऋण ले सकते हैं। योजना के तहत पहली किस्त में 15 हजार, दूसरी में 25 हजार और तीसरी किश्त में 50 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, साथ ही 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी और 30 हजार रुपये तक के क्रेडिट कार्ड पर 1200 रुपये कैशबैक की सुविधा भी है। वेंडरों को प्रधानमंत्री आवास योजना की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि किराए के मकान में रहने वाले या कच्चे मकान वाले लोग भी इस योजना के तहत पक्का मकान प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर मिशन मैनेजर अरूणा धृतलहरे, आइरा आनंद, प्रधानमंत्री आवास की राजकुमारी बघेल, पीआईयू विजय कश्यप सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

### ग्रामीण सड़क निर्माण का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**धमतरी 27 सितम्बर।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत डोकाल से कौर्रा होते हुए कमार पारा तक बन रही ग्रामीण सड़क का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की तकनीकी जानकारी उपस्थित इंजीनियरों से विस्तार से ली और सड़क की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सड़क निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि ग्रामीण अंचल के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त न करने की बात कही और समय पर गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने पर बल दिया।अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत डोकाल-कौर्रा-कमार पारा मार्ग से आसपास के गांव सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। सड़क बन जाने से इन गांवों में रह रहे ग्रामीणों को बाजार, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं तक आसानी से पहुंचने में सुविधा होगी।

## कलेक्टर ने किया छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण



**धमतरी,27 सितम्बर** ।कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज नगरी प्रवास के दौरान बाजार कुर्रीडीह में निर्माणाधीन 50 सीटर कमार बालक छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में बनाए जा रहे कक्षों का अवलोकन कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य को निर्धारित समय सीमा, यानी नवंबर माह के अंत तक पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए, अन्यथा संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान गांव की सरपंच एवं ग्रामीणों ने कलेक्टर से भेंटकर अपनी समस्याएं एवं मांगें रखीं। ग्रामीणों ने देवगुड़ी निर्माण, गांव की सीमा में सीसी नाली निर्माण एवं कुकरेल-कुर्रीडीह मार्ग निर्माण की मांग रखी। कलेक्टर ने उनकी मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए अधिकारियों को देवगुड़ी और सीसी नाली निर्माण के लिए शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने गांव में धान खरीदी केंद्र और वनधन विकास केंद्र से संबंधित जानकारी भी ली। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि ग्रामीणों की आवश्यकताओं और सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा।



## नगर निगम भिलाई में स्वच्छता व लाइसेंस संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन

**भिलाई, 27 सितम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत सड़क किनारे एवं फुटपाथ पर छोटे व्यवसाय संचालित करने वाले स्ट्रीट फूड वेंडरों को दुकान संचालन और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं शिक्षा एवं कल्याण समिति द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में समिति के तपस बनर्जी ने वेंडरों को दुकान चलाने के दौरान अपनाई जाने वाली साफ-सफाई और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुकान खोलने से पहले आसपास की स्वच्छता पर ध्यान दें, पीने का पानी हमेशा ढककर रखें, हाथ पोंछने का कपड़ा साफ हो, गुटखा-पान का सेवन न करें और कचरा फेंकने के लिए दुकान से दूरी पर डस्टबिन रखें। साथ ही प्लास्टिक की थैलियों के बजाय कपड़े या कागज के थैले इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। यह भी बताया गया कि जिनके पास फूड लाइसेंस नहीं है, वे किन दस्तावेजों के साथ इसे बनवा सकते हैं। प्रशिक्षण में जोर दिया गया कि दुकान संचालन के दौरान पूर्ण स्वच्छता अपनाने से ग्राहकों की सेहत सुरक्षित रहेगी और कारोबार में वृद्धि होगी। इस अवसर पर मिशन मैनेजर नलिनी तनेजा, सामुदायिक संगठिकाएं और बड़ी संख्या में पथविक्रेता उपस्थित थे।

# छत्तीस घंटे में सामूहिक दुष्कर्म मामले का खुलासा - कबीरधाम पुलिस ने तीनों आरोपी दबोचे

**कवर्धा,27 सितंबर।** जिला कबीरधाम में युवती के साथ घटित सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण में कबीरधाम पुलिस ने मात्र 36 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी सहित तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उल्लेखनीय और सनसनीखेज सफलता प्राप्त की है। यह पुलिस की निरंतर मेहनत, उच्चस्तरीय प्रोफेशनलिज्म, त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वित कार्रवाई का उत्कृष्ट उदाहरण है।गिरफ्तार किए गए आरोपी -1. जितेन्द्र खरे उर्फ जित्तु पिता दिलीप खरे उम्र 22 वर्ष निवासी उर्जा पार्क के पास, वार्ड क्रमांक 09, कवर्धा

2. नसीम अहमद उर्फ छोटू पिता नफीस खान उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 22, एकता चौक, कवर्धा

3. मोहम्मद सरफराज उर्फ सफ्फु पिता मोहम्मद अयूब उम्र 21 वर्ष निवासी डालडापारा, आदर्शनगर, कवर्धा । पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना महिला थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 43/2025 धारा 70(1), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। रिपोर्ट के अनुसार तीन युवकों ने पीड़िता को जबरन बाइक पर बैठाकर सुनसान स्थान पर ले जाकर बारी-बारी से बलात्कार किया और घटना की



जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी।घटना के पश्चात पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज श्री अभिषेक शांडिल्य (भा.पु.से.) स्वयं मामले की मॉनिटरिंग करते रहे। पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं श्री पंकज पटेल और जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण - डीएसपी अखिलेश कौशिक, डीएसपी श्री प्रतीक चतुर्वेदी, डीएसपी श्रीकृष्ण कुमार चंद्राकर एवं डीएसपी आशीष शुक्ला - के पर्यवेक्षण में कई विशेष टीम गठित की गईं।

इन टीमों ने अलग-अलग मोर्चों पर कार्यवाही की - अपराधियों की धरपकड़, तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन का परीक्षण, तथा मुखबिर तंत्र के जरिए प्राप्त सूचनाओं का मिलान। इसी क्रम में बड़े पैमाने पर छापामार कार्यवाही की गई और पूरे जिले से लगभग 150 से 200 संदेहियों को थानों में लाकर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ से मिले अहम सुरागों को तकनीकी शाखा की जानकारी और डिजिटल साक्ष्यों से जोड़कर आरोपियों की शिनाख्त सुनिश्चित की गई।इसके बाद पुलिस टीमों ने सघन घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया। कार्यपालिक दंडाधिकारी की उपस्थिति में पीड़िता द्वारा की गई पहचान कार्यवाही में आरोपियों की पुष्टि हुई तथा आरोपियों ने अपराध को स्वीकार भी किया। जांच से यह तथ्य भी उजागर हुआ कि तीनों आरोपी आदतन अपराधी हैं, जो चोरी जैसे मामलों में पहले भी जेल जा चुके हैं।कबीरधाम पुलिस आम जनता को आश्वस्त करती है कि दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराधों के प्रति हमारी नीति ÷जीरो टॉलरेंस÷ की है। ऐसे अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह स्पष्ट चेतावनी दी जाती है कि महिलाओं और बच्चियों की गरिमा एवं सुरक्षा के खिलाफ अपराध करने वाला कोई भी व्यक्ति कानून के शिकंजे से बच नहीं सकता।आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गठित टीम में निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, रूपक शर्मा, लालजी सिन्हा, योगेश कश्यप, मनीष मिश्रा, उमाशंकर राठौर, महेश प्रधान, अमित कश्यप, संतोष मिश्रा, महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक श्रीमती भुनेश्वरी साहू राठौर के साथ साथ साइबर सेल, थाना कोतवाली और जिले के सभी थाना के टीम का विशेष योगदान रहा। कबीरधाम पुलिस समाज से अपील करती है कि अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें, और संवेदनशील मामलों में पीड़िता की गोपनीयता एवं गरिमा बनाए रखने में सहयोग करें।



## हमला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 27 सितंबर।** पत्नी पर हमला करने वा 26-26-ले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उतई टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि उतई पुलिस ने श्वेता टंडन पर चाकू से हमला करने वाले प्रेम नगर दिल्ली निवासी पति सनी झा उर्फ कुछ माह से ससुराल हथखोज पारा उतई में रहता है पारिवारिक विवाद के चलते पति पत्नी में जमकर विवाद हुआ पति ने जान से मारने की धमकी देकर हत्या करने की नीयत से श्वेता को घर में रखें चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर चोट पहुंचाया। बीच बचाव करने आई मां व दादी को भी चाकू से वार कर पति फरार हो गया था पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी की पता तलाश की गई उतई थाने पुलिस टीम को जानकारी मिली कि आरोपी सनी झा खोपली रोड पर है पुलिस ने घेराबंदी आरोपी को पकड़ लिया आरोपी के पसा से खून आलूदा कपड़ा और चाकू समेत अन्य सामग्री जप्त किया ।

## एक नजर

### श्रम विभाग में पंजीकृत हितग्राही ले सकते हैं योजनाओं का लाभ

**बलौदाबाजार,27 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित विभिन्न सामग्रीमूलक योजनाओं में हितग्राहियों के आवदेन अपूर्ण होने के कारण लंबित है। हितग्राही लंबित आवेदन से सम्बधित दस्तावेज पूर्ण कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री सुरक्षा उपकरण योजनांतर्गत प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों में आवश्यक दस्तावेज की कमी पाए जाने पर उन्हें अपूर्ण स्थिति में वापस कर सुधार हेतु भेजा गया है जिसकी सूचना श्रम विभाग द्वारा विभागीय वेबसाईट एवं हितग्राहियों के श्रमिक पंजीयन कार्ड से जुडे मोबाईल नंबरों पर एसएमएस के माध्यम से भेजी जा चुकी है। पंजीकृत हितग्राही च्वॉईस सेन्टर, श्रम संसाधन केन्द्र, विभाग का वेबसाईट श्रमेव जयते एप्प या श्रम कार्यालय कक्ष क्रमांक 117 कलेक्टर परिसर के माध्यम से आवशयक दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं।

### मोटरसाइकिल चोरी करने वाला गिरफतार

**राजनांदगांव, 27 सितंबर।** प्रार्थी दिनांक 26.08.2025 को सुबह 09.00 बजे अपने मोटर सायकल क्रं0 07 बीजेड 4388 को कल्याणी स्पात कंपनी कोपेडीह के मेन गेट सामने खडा कर कंपनी के अंदर अपने काम मे चला गया था, प्रार्थी काम करके रात्रि करीबन 08.00 बजे कंपनी से बाहर आकर देखा तो मो0सा0 अपने स्थान पर नही था कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। थाना सोमनी पुलिस का टीम गठित कर आरोपी पता तलाश दौरान मुखबीर एवं तकनीकी सहयोग से संदेही निलेश तिवारी उर्फ सुनील तिवारी पिता रामप्रसाद तिवारी उम्र 23 साल निवासी शंकरपुर वार्ड न0 07 उडिया मोहल्ला पुलिस चौकी चिखली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर मो0सा0 एचएफडिलक्स क्रमांक सीजी 07 बीजेड 4388 को दिनांक 26.08.2025 को कल्याणी इस्पतात कंपनी कोपेडीह से चोरी करना तथा चोरी की गयी मो0सा0 को अपने पास रखना बताया जिसे आरोपी के कब्जे से विधिवत् जप्त कर कब्जा आरोपी निलेश तिवारी उर्फ सुनील तिवारी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सोमनी उनि प्रमोद श्रीवास्तव, उनि बलदाउ चंद्राकर, सउनि आर. राजू, आर0 जी0 शंकर राव, मोहम्मद सहबाज सिद्धिकी का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा है।

### पूना पर्रियान में चयन काउंसिलिंग 27 को

**उत्तर बस्तर कांकेर 27 सितंबर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कांकेर श्री हरेश मंडावी के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा संचालित पूना पर्रियान (नई उड़ान) संस्थान के अंतर्गत चयन हेतु काउंसिलिंग का आयोजन 27 सितम्बर को प्रातः 09 बजे बीएसएफ कैम्प ग्राम मुल्ला (चौगेल) में किया जाएगा। यहां भानुप्रतापपुर, दुर्गुकोंदल, कोयलीबेडा एवं अंतागढ़ जैसे माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

### रेडक्रॉस सोसाइटी से मरीज को मिली 15 हजार की सहायता

**उतर बस्तर कांकेर 27 सितंबर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी कांकेर द्वारा कलेक्टर एवं अध्यक्ष निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा पदेन सचिव डॉ. आर.सी. ठाकुर के मार्गदर्शन पर आर्थिक सहायता प्रदान की गई। प्राप्त जानकारी अनुसार संजयनगर कांकेर निवासी सुरेन्द्र निर्मलकर जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करते हैं और विगत दो वर्षो से स्लीप डिस्क की बीमारी से पीड़ित हैं, ने उपचार हेतु आर्थिक सहायता की मांग की थी। इलाज के खर्च वहन करने में असमर्थ होने पर उन्होंने रेडक्रॉस सोसाइटी से मदद की गुहार लगाई थी। कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्री क्षीरसागर ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें 15 हजार रुपए की सहायता राशि जारी करने के निर्देश दिए। स्वीकृति पश्चात यह राशि रेडक्रॉस जिला संगठक पवन सेन को जारी की गई।

# अक्टूबर में आयोजित होगा सांसद खेल महोत्सव

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने ली समीक्षा बैठक, बेहतर आयोजन हेतु दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 27 सितंबर।** सांसद खेल महोत्सव 2025 अंतर्गत रायपुर लोकसभा क्षेत्र में 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक लगभग 13 विधाओं में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिले के सिमगा, भाटापारा एवं बलौदाबाजार में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता 7 से 11 अक्टूबर 2025 तक होंगे। जिले में सांसद खेल महोत्सव आयोजन के सम्बन्ध में गुरुवार को रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर बेहतर आयोजन हेतु जरुरी निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन,भाटापारा नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील सहित विभिन्न विभागों के अधिकरी उपस्थित थे।

सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य खेल एवं फिट इंडिया का वातावरण बनाना तथा ग्रामीणों में खेल के प्रति उत्साह व रूचि पैदा करना है। उन्होने कहा कि बलौदाबाजार - भाटापारा जिले के तीन विकासखंड रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आते है। तीनो विकासखंड से अधिक से अधिक संख्या में लोगों का पंजीयन कराएं। क्यूआर कोड से ऑनलाइन पंजीयन 6 अक्टूबर तक करा सकते हैं। उन्होंने अलग -अलग खेल के लिए तीनो विकासखंड में स्थान चिन्हांकित करने तथा आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस खेल महोत्सव में निजी स्कूल, कॉलेज, औद्योगिक प्रतिष्ठानों को भी सक्रिय भागीदारी करने कहा।

सांसद खेल महोत्सव में पुरुष एवं महिला वर्ग एवं 9 से 19 वर्ष एवं 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। इसमें खो-खो, कुश्ती, बालीबॉल, भारोत्तोलन,तैराकी, शरीर सौष्ठव, शतरंज, फुगड़ी, कबड्डी, गेड़ी दौड़, रस्सा -कस्सी एवं रस्सी कूद खेल में प्रतियोगिता होगी।विकासखंड स्तर पर ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र में से प्रत्येक खेल से आयु वर्गवार महिला एवं पुरुष विजेता प्रतिभागी एवं दल का चयन किया जाएगा। तृतीय चरण में लोकसभा रायपुर क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड स्तर पर विजेता खिलाडी रायपुर लोकसभा क्षेत्र सांसद खेल महोत्सव 2025 में शामिल होंगे।

## अमृत सरोवर स्थल में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 27 सितम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखण्डों के 86 अमृत सरोवर स्थल में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत एक-दिन, एक-घण्टा और एक साथ अमृत सरोवरो में श्रमदान कर साफ-सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय जिनमें विद्यार्थी वर्ग, युवा वर्ग, स्व-सहायता समूह के सदस्य, पर्यावरण प्रेमी आदि के भागीदारी से स्वच्छता से संबंधित कार्य किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 आयोजन के लिए महात्मा गांधी नरेगा की मैदानी स्तर के अधिकारी, कर्मचारी जिनमें सीईओ जनपद पंचायत, कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सहायक, मेट एवं अन्य मैदानी कर्मचारियों के सहभागिता से सफाई अभियान चलाकर, स्वच्छता के लिए शपथ आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## जल संचय प्रतिस्पर्धा में राजनांदगांव जिले ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

**राजनांदगांव 27 सितम्बर।** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा देशभर में जन भागीदारी से जल संचय विषय पर आयोजित राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में राजनांदगांव जिले ने देश में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट जिलों में चयनित हुआ है। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जिले को 2 करोड़ रूपए की अवार्ड राशि से सम्मानित किया जाएगा। राजनांदगांव जिले ने जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों से छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। राजनांदगांव के जनता एवं सभी के सामूहिक प्रयासों से कारगर परिणाम प्राप्त हुए हैं। इस सफलता का श्रेय राजनांदगांव जिले के सामुदायिक संगठनों, नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, उद्योग-व्यापार जगत के उद्यमियों और स्थानीय प्रशासन के मैदानी स्तर पर कार्य करने वाले अंतिम कर्मचारी एवं मेहनतकश श्रमिको के संयुक्त प्रयासों को है।



गौरतलब है कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सैकड़ों संरचनाओं का निर्माण जन सहयोग से किया गया। ग्रामीण स्तर पर पानी बचाने के लिए विभिन्न अभियानों का संचालन किया गया। जनभागीदारी को केंद्र में रखकर स्थायी समाधान तैयार किए गए। इन्हीं सतत प्रयासों ने राजनांदगांव को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और जिले को टॉप-3 जिलों में शामिल किया। जिले की पद्मश्री फूलबासन यादव एवं उनके समूह ने नीर एवं नारी जल यात्रा निकालकर समाज में जागरूकता की अनूठी मिसाल पेश की। उनके नेतृत्व और समूह की सक्रियता ने जल संरक्षण अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। महिलाओं की यह भागीदारी इस सफलता की प्रमुख आधारशिला साबित हुई।

## प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने किया एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधरोपण

**राजनांदगांव 27 सितम्बर।** प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती निहारिका बारिक सिंह, मिशन संचालक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन श्री अश्वनी देवांगन ने आज ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं के अंतर्गत विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, राज्य सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती अभिलाषा आनंद भी उपस्थित रही। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। दौरे के दौरान ग्राम बरगा स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण



किया। प्रमुख सचिव ने जिले में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत एसएलडब्ल्यूएम शेड का अवलोकन कर स्वच्छताग्राही दीदियों से रूबरू हुई और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। एपीओ मनरेगा श्री फैज द्वारा बोरवेल रिचार्ज एवं परकोलेशन टैंक लाइनर तालाब संबंधी तकनीकी जानकारी दी।

जिले में संचालित ग्रे वाटर ट्रीटमेंट प्लॉट संबंधी जानकारी डॉ. छोटे लाल साहू द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 37 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं तथा इसी प्रकार अन्य कार्यों की स्वीकृति भी प्रदान की जा रही है। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री देवेंद्र कौशिक, श्री सोमनाथ साहू तथा जनपद स्तर के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से व्यवसायी को मिली बड़ी राहत

**बालोद, 27 सितंबर।** ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसी कड़ी में बालोद निवासी मनीष कोठारी ने इस योजना का लाभ उठाकर न सिर्फ अपने घर, बल्कि अपने व्यवसाय को भी सशक्त बनाया है। कोठारी बालोद में कम्प्यूटर एवं इलेक्ट्रॉनिक की दुकान संचालित करते हैं, जहाँ प्रतिदिन अत्यधिक बिजली की खपत होती है। पहले उन्हें हर महीने 03 से 05 हजार रुपये तक का बिजली बिल भुगतान करना पड़ता था। उन्होंने बढ़ते खर्च से परेशान होकर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घर की



छत पर 05 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम स्थापित कराया। जिससे अब उनका बिजली का बिल ''शून्य'' हो चुका है। इसके साथ ही उन्हें इस योजना के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से कुल 01 लाख 08 हजार रूपए की सब्सिडी भी प्राप्त हुई है। श्री कोठारी ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना वास्तव में प्रशंसनीय है। इसने न सिर्फहमें आर्थिक बोझ से मुक्त किया है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूक भी बनाया है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ। उन्होंने आगे कहा कि यह योजना आम लोगों को ''उपभोक्ता से ऊर्जा दाता'' बनने का अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले हम बिजली के उपभोक्ता थे, लेकिन अब हम ऊर्जा का उत्पादन कर रहे हैं। यह शासन की दूरदर्शी सोच है, जो न केवल हमारी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है, बल्कि पर्यावरण को भी स्वच्छ बना रही है।

## छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने किया चिल्हर वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 27 सितंबर।** 26 सितम्बर को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और भारतीय स्टेट बैंक, मनी चेस्ट बैरनबाजार, रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में त्योहारी सीजन को देखते हुए, चिल्हर की कमी की समस्या को दूर करने के लिए एक विशेष चिल्हर वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के साथ ही भारतीय स्टेट बैंक द्वारा लोन मेला भी आयोजित किया गया जिसका व्यापारियों ने भरपूर लाभ उठाया। जिसमें भारतीय स्टेट बैंक, मनी चेस्ट बैरनबाजार, रायपुर के उपमहाप्रबंधक श्री राकेश कुमार सिन्हा, मुख्य प्रबंधक श्री मंतोष कुमार राय, शाखा प्रबंधक श्री अनिल यादव उपस्थित थे। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने कहा कि इस तरह के सहयोग से छोटे और बड़े दोनों व्यापारियों को फायदा होता है, और यह अर्थव्यवस्था में नकदी के सुचारू प्रवाह को बनाए रखने में मदद करता है। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक के इस पहल की सराहना करते हुए यह भी बताया कि चिल्हर वितरण के समानांतर, एक लोन मेला भी आयोजित किया गया।

## सिद्धि तो उसीका वरण करती है जिसने पुरुषार्थ किया : मुनि श्री वीरभद्र

**राजनांदगांव 27 सितंबर।** प्रख्यात जैन संत श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि आप करोड़पति हैं फिर भी आपके चेहरे में कुछ नहीं है। आप हमेशा तनाव में रहते हैं। उन्होंने कहा कि सच्चा सुख तो फक्रीरी में है, किसी साधु को आप दुखी नहीं देखे होंगे और जो दुखी है वह साधु नहीं है। जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि हमें सुखी होना है तो उसके लिए पुरुषार्थ करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सिद्धि तो उसीका वरण करती है जिसने पुरुषार्थ किया। उन्होंने कहा कि जहां बंधन नहीं वहां कोई मोक्ष नहीं। आराधना सिर्फ मनुष्यों को करनी पड़ती है। हम मोबाइल, टीवी आदि में क्षणिक आनंद के लिए समय बर्बाद कर देते हैं और बाकी समय दूसरों की कमियां, दोष, अवगुण आदि ढूंढने में बर्बाद कर देते हैं। हम अपनी खुशी कहाँ-कहाँ ढूंढते फिरते हैं। हमारे पास तो खुशी ढूंढने के लिए समय ही नहीं है। शास्त्र ही हमारा शस्त्र है। मुनि श्री वीरभद्र( विराग )जी ने कहा कि कपड़े की सफाई करने वाला जिस तरह तुम्हें अच्छा लगता है,ठीक इसी तरह आत्मा की सफाई करने वाला भी अच्छा लगना चाहिए।

**बिना पुरुषार्थ के खुशी नहीं मिलती**

## जल शक्ति मंत्रालय की जन भागीदारी से जल संचय प्रतिस्पर्धा में राजनांदगांव जिले ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 सितम्बर।** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा देशभर में जन भागीदारी से जल संचय विषय पर आयोजित राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में राजनांदगांव जिले ने देश में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट जिलों में चयनित हुआ है। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जिले को 2 करोड़ रूपए की अवार्ड राशि से सम्मानित किया



जाएगा। राजनांदगांव जिले ने जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यो से छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। राजनांदगांव के जनता एवं सभी के सामूहिक प्रयासों से कारगर परिणाम प्राप्त हुए हैं। इस सफलता का श्रेय राजनांदगांव जिले के सामुदायिक संगठनों, नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, उद्योग-व्यापार जगत के उद्यमियों और स्थानीय प्रशासन के मैदानी स्तर पर कार्य करने वाले अंतिम कर्मचारी एवं मेहनतकश श्रमिको के संयुक्त प्रयासों को है। गौरतलब है कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सैकड़ों संरचनाओं का निर्माण जन सहयोग से किया गया। ग्रामीण स्तर पर पानी बचाने के लिए विभिन्न अभियानों का संचालन किया गया। जनभागीदारी को केंद्र में रखकर स्थायी समाधान तैयार किए गए। इन्हीं सतत प्रयासों ने राजनांदगांव को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और जिले को टॉप-3 जिलों में शामिल किया।

# गरबे की थाप पर थिरके कदम, संगीत में डूबे सैकड़ों लोग

## अहमदाबाद के सिंगर राजवर्धन सुथार ने अपनी गायकी से बांधा समां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 27 सितंबर।** गायत्री विद्यापीठ केसर नगर के विशाल मैदान में लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा भव्य गरबा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। स्कूल मैदान में विशाल टिन शेड लगाकर रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट की गई है। जिसके नीचे सैकड़ों की भीड़ देर रात तक गरबा की मस्ती में झूमती रही।

महोत्सव का मुख्य आकर्षण रहे अहमदाबाद के लोकप्रिय सिंगर राजवर्धन सुथार जिन्होंने अपनी मधुर आवाज़ और शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके गरबा गीतों पर बच्चों से लेकर युवाओं और महिलाओं तक सभी देर रात तक थिरकते रहे।

सी.आर.सी. दिव्यांगजन समेकित केंद्र ठाकुरटोला के बच्चों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को विशेष बना दिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया। गरबा महोत्सव के संयोजक बृजकिशोर सुरजन, अध्यक्ष लायंस अमित



खंडेलवाल व चेयरमैन राजा माखीजा ने बताया कि 25 सितंबर के आयोजन की थीम राजघराना राजपूताना रही। इस थीम पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और विजेताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य विजेता इस प्रकार रहे क्यूट परफॉर्मेंस (बेस्ट लुक) किड सुहानी श्रीवास्तव, बेस्ट ड्रेसअप फीमेल खुशबू देवांगन, बेस्ट ड्रेसअप मेल किशोर साहू, फुटरी परफॉर्मेंस विनीता खंडेलवाल, ध्वनो चोखो परफॉर्मेंस आशीष पांडे, बेस्ट गर्ला किड रानी सोनी, बेस्ट गरबा फीमेल गीताजली सोनी, बेस्ट गरबा मेल वासनिक दशरथ, बेस्ट एक्सप्रेशन वंशिका धुने, परफेक्ट परफॉर्मेंस सागर बडेरा, एनर्जेटिक परफॉर्मेंस हिमांशी धकेता, शालीन परफॉर्मेंस डॉ. रीमशा अग्रवाल, निपोन पेंट गिफ्ट प्रतियोगिता विजेता बेस्ट किड पूर्विता शर्मा, बेस्ट फीमेल विधि जैन, बेस्ट मेल जय चोटिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री पुसुसपेन्दु जन, श्रीमती राहुल कुमार, सुश्री पलक डोंगरे, सुश्री सिखा यादव, सुश्री लायकेश्वरी साहू, सुश्री नेहा झा, सुश्री अंजलि, श्वेता महोदया, सुश्री नेहा तिवारी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## बिना अनुमति वाहन पार्किंग में कब्जा कर झांकी रखना तानाशाही रवैया : कुलबीर

### पूर्व पार्षद ने ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्यवाही कर हटाने की मांग की

**राजनांदगांव, 27 सितंबर।** वार्ड क्र. 24 शीतला माता वार्ड के नागरिकों को अपने निवास के पास चार पहिया वाहन खड़ी करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था जिसको लेकर तत्कालिक पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा वार्ड के नागरिकों की मांग पर शीतला मंदिर के पास गाड़ी पार्किंग के लिए स्टैण्ड का निर्माण कार्य कराया गया था। किन्तु वर्तमान में गाड़ी पार्किंग स्थल से नागरिकों की गाड़ियों को हटाकर कुछ लोगों द्वारा स्थल झांकी के नाम से तानाशाही कर रही है, जो कि गलत है। जिसको लेकर पूर्व पार्षद श्री छाबड़ा ने नगर निगम व संबंधित थाने में ज्ञापन सौंपकर उचित कार्यवाही



करने की मांग की है। भाजाप के लोगों के द्वारा किए जा रहे कृत्य से जनता परेशान है। इस तरह गलत कार्यों को अंजाम देने का कार्य भाजपा के लोग कर रहे हैं। शासकीय अधिकारी-कर्मचारी को दबाव देकर सत्ता सरकार के लोग बिना अनुमति के कहीं भी कब्जा कर लेते है। आम नागरिकों के हितों को दरकिनार करते हुए दादागिरी कर रहे है इन भाजपाईयों को बड़े आकाओं से श्रेय मिली हुई है। जनता इन्हें जरूर सबक सिखाएंगी।

जानकारी देते हुए कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि वार्ड के नागरिकों को निवास के पास चार पहिया वाहन खड़ी करने से सड़क जाम व अन्य दिक्कत हो रही थी। वार्डवासियों की मांग पर शीतला माता मंदिर परिसर के पास रिक्त शासकीय भूमि पर चार पहिया वाहनों के लिए अपने निधि से पार्किंग स्टैण्ड का निर्माण कराया गया था। किन्तु कुछ लोगों द्वारा तानाशाही करते हुए कब्जा कर स्थल झांकी बना दी गई है जिसके कारण वार्डवासियों को अपने वाहन खड़ी करने में परेशानियां उठानी पड़ रही है। जिसको लेकर मेरे द्वारा नगर निगम में ज्ञापन सौंपकर पार्किंग स्टैण्ड पर स्थलझांकी बनाने अनुमति दी गई हो तो अनुमति आदेश की प्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध कराने व अनुमति नहीं दी गई है तो जिन लोगों द्वारा जगह पर अतिक्रमण कर स्थल झांकी बनाई गई है, उनके खिलाफ कार्यवाही कर स्थल झांकी को हटाने की मांग की है।

## संपादकीय

### राहुल गांधी की गलत धारणा

भारत निर्वाचन आयोग ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वोटचाोरी के आरोप को खारिज कर दिया। अपनी पोस्ट में आयोग ने लिखा, किसी भी वोट को ऑनलाइन किसी शख्स द्वारा हटाया नहीं जा सकता, जैसा कि गांधी ने गलत धारणा बना रखी है। अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गांधी ने आरोप लगाया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को संरक्षण दे रहे हैं और फर्जी मतदाताओं को घटाने/जोडऩे में होने वाली धोखाधड़ी की उन्हें पूरी जानकारी है।

गांधी ने कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र में कम से कम छह हजार वोट हटाने व महादेवपुरा में कुछ इसी तरह की धोखधड़ी का आरोप लगाया था। उनके अनुसार सॉफ्टवेयर का प्रयोग कर असली मतदाताओं का रूप लिया गया। गांधी ने बूथ लेबल के अधिकारी के चाचा का नाम हटाए जाने की भी चर्चा की। कुछ समय से विपक्षी दलों दल दावा करते रहे हैं कि आयोग भाजपा के साथ मिलकर मतदाता सूची से फर्जी वोट हटाने/जोडऩे का काम कर रहा है। चुनाव आयुक्त को लोकतंत्र की हत्या करने वालों से बचाने का आह्वाहन करते हुए गांधी ने कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा व उप्र में बड़े पैमाने पर नाम हटाने का आरोप लगाया। समूचा विपक्ष एक सुर में यही कह रहा है। आयोग के नमूना मांगने के जवाब में राहुल ने इस दफा सौ फीसद प्रमाण की बात भी की। पूर्व में मतदाता सूचियों की खामियां तो स्पष्ट नजर आई हैं मगर मतदान में किसी तरह के हेरफेर के सटीक प्रमाण नहीं मिले। आरोप निराधार नहीं हैं तो इन्हें खतरे की घंटी तो माना ही जाना चाहिए।आयोग को कीचड़ उछालने की बजाय अपनी खामियों को सुधारने के प्रति पारदर्शितापूर्ण कदम उठाते नजर आना चाहिए। अपनी स्वतंत्रता और निष्पक्षता का उदाहरण पेश करने में कोताही नहीं बरतनी चाहिए। लोकतंत्र में हर वोट की अहमियत है। मतदाता के अधिकारों की उपेक्षा या मतदाता सूची से उसके नाम में होने वाली छेड़छाड़ की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। तकनीकी विफलताओं या प्रशासनिक भूलों के चलते संदेह की गुंजाइशें छोड़ा जाना आयोग की कार्यपण्राली पर प्रश्न चिह्न लगाता है।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप अपने आलस को अपने ऊपर हावी होने न दे। लंबे समय से रुकी हुई योजनाएं पूरी हो सकती हैं। आपको अपनी वाणी व व्यवहार में स्पष्टता बनाए रखनी होगी और खर्चों के साथ-साथ आपको बचत पर भी पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं और आपकी संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश करेगी, जिसको आप पूरा अवश्य करेंगे।

वृषभ आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताने का आपको मौका मिलेगा। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपका सामाजिक दायरा भी बढ़िया रहेगा। भौतिक सुख साधनों में वृद्धि होगी। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती है। मन में चल रही उलझनों को लेकर अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं।

मिथुन आज आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। सुख साधनों में वृद्धि होगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। कार्यक्षेत्र में काम को लेकर कोई सलाह बहुत ही सोच समझ कर लेनी होगी, क्योंकि आपके विरोधी आज मित्र बन सकते हैं। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे और कोई बड़ा काम मिलने से आपको टीमवर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। आपकी कला व कौशल में निखार आएगा।

कर्क आज आप अपने घर की साज-सज्जा पर अच्छा खासा खर्च करेंगे, लेकिन इनकम थोड़ी सी कम रहेगी। आपको परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है। संतान के मन में चल रही उलझनों को जानने की कोशिश करें और आपके परिवार का कोई सदस्य आज आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकता है। आप अपनी माताजी से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। आपकी सेहत में भी उतार-चढ़ाव लगा रहेगा।

सिंह आज आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। व्यस्तता अधिक रहेगी और आपका मनोबल भी ऊंचा रहेगा। आपको किसी शुभ व कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपका वाहन की खराबी के कारण खर्चा बढ़ सकता है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचानने की आवश्यकता है। आर्थिक दृष्टिकोण से किए गए प्रयास बेहतर रहेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को आज साथी से बार-बार मिलने का मन करेगा।

कन्या आज आपके अंदर प्रेम व सहयोग की भावना बनी रहेगी। आप कुछ कानूनी मामलों में निर्णय थोड़ा धैर्य रख कर ले और आपको बेवजह की भागदौड़ लगी रहेगी। आप अपने किसी मित्र के लिए आप कुछ रुपये का इंतजाम भी कर सकते हैं। आपको अपनी माताजी की सेहत को लेकर उनके कुछ टेस्ट आदि करने पड़ सकते हैं। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर कुछ पारिवारिक मामलों को निपटाएंगे और उन्हें शॉपिंग आदि पर भी लेकर जा सकते हैं।

तुला आज आप किसी बड़े लक्ष्य पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे, जिसके लिए आप पूरी मेहनत से करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत भी आप कर सकते हैं। आध्यात्मिक के कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा, लेकिन आपको किसी राजनीतिक पार्टी से बुलावा आ सकता है। आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो आप उसे पूरा करने की भी पूरी कोशिश करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। बिजनेस करने वाले जातकों को अपनी इनकम को बढ़ाने के मौके मिलेंगे। आज आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपनी अच्छी सोच का लाभ मिलेगा। आपसे यदि कार्य क्षेत्र में किसी काम में कोई गड़बड़ी हुई थी, तो उसके लिए आपको अपने बॉस से डांट खानी पड़ सकती है। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकटा होगा।

धनु आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके घर किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। जीवन साथी से यदि किसी बात को लेकर मनमुटाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपको एक दूसरे को बेहतर जानने का मौका मिलेगा। आपको कार्यक्षेत्र में अच्छे काम के लिए कोई पुरस्कार मिल सकता है। आपका बिजनेस के कामों में बदलाव आने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

मकर आज का दिन आपके लिए सेहत में उतार-चढ़ाव लेकर आने वाला है। आप किसी से भी कटु वचन ना बोले और वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। वरिष्ठ सदस्यों से आप काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। यदि आप कुछ खर्च करे, तो आपको अपनी इनकम को ध्यान में रखकर खर्च करना बेहतर रहेगा। पिताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं। आपको वरिष्ठ सदस्यों की बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

कुंभ आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपका धन यदि अटका हुआ था, तो वह भी आपको मिल सकता है, जो आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती देगा। आप किसी धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। बिजनेस में आपको अच्छा लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

मीन आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। बिजनेस को लेकर यदि आप कोई बदलाव करना चाहते थे, तो वह आप कर सकते हैं। पार्टनर की इसमें आपको पूरी सहमति मिलेगी, लेकिन आप अपने दिल के बजाय दिमाग से कभी कोई निर्णय ले। जीवनसाथी के साथ मिलकर आप संतान के करियर को लेकर बातचीत कर सकते हैं, जो विद्यार्थी सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं, वह अपनी मेहनत में तेजी लाएंगे। आपके परिवार के किसी सदस्य को किसी सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आपकी सुख सुविधाओं में भी वृद्धि होगी।

# आर्थिक ढांचे को मजबूती दे सकता है पर्यटन

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा






पर्यटन एक ऐसा शब्द है जो मन को प्रफुल्लित कर जाता है। वास्तव में परी और अटन की संधि विग्रह का मेल ही पर्यटन कहा जाता है। परी का अर्थ जहाँ पूरा से लगाया जाता है वहीं अटन का तात्पर्य भ्रमण करना या घूमना हिंदी साहित्य में बताया जाता है। हम कह सकते हैं कि पर्यटन का शाब्दिक अर्थ " पूर्ण भ्रमण " है। सीधे शब्दों में इसके अर्थ को समझा जाए तो विशेष रूप से आराम, मनोरंजन, दर्शन तथा शैक्षिक उद्देश्य से अपने निवास स्थान से परे अन्य स्थान की यात्रा पर्यटन कही जाती है। भारत वर्ष की सांस्कृतिक, एतिहासिक और प्राकृतिक धरोहर को सहेजना तथा प्रोत्साहन प्रदान करना पर्यटन का मुख्य उद्देश्य होता है। यह वह प्रमुख अवसर है जब हम आम जनता के बीच पर्यटन को संस्कृति विकास और पर्यावरण के लिए जन जागरूकता के रूप में ला सकें। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तथा इसका निवारण किस रूप में किया जा सकता है, इस पर विस्तृत और गंभीरता पूर्ण चिंतन की जरूरत है। पर्यटकों को सुरक्षा प्रदान करना वर्तमान की सबसे बड़ी जरूरत के रूप में सामने आ रहा है। अपने देश के ऐतिहासिक किलों और धार्मिक दर्शन के लिए निकले सैलानी कैसे सुरक्षित रूप से अपने घर लौटें इस पर चिंतन जरूरी है। समय के साथ इंसान की जरूरतों और इच्छाओं में परिवर्तन सामान्य नियम है। भारत वर्ष में एक वह काल भी था जब कृषि क्षेत्र में रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध थे। आज हम देख रहे हैं कि कृषि में रोजगार तो दूर कृषक के परिवार का वर्ष भर का खर्च भी जुटा पाना असंभव हो गया है ! हम तकनीक के इतना आगे निकल चुके हैं कि अब ड्रोन के माध्यम से खेतों में दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है ! साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में हर तरह की मदद के लिए इसका उपयोग सामान्य होता जा रहा है ! इन्ही बड़े बदलावों के चलते कृषि में रोजगार के अवसरों ने दम तोड़ना शुरू कर दिया है ! दूसरी ओर हम देखें तो पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ लोगों को रोचक जानकारी के लिए गाइड की जरूरत पड़ रही है। इसी क्षेत्र में कस्टम के लिए ऑफिसर्स, चेक इन के लिए स्टाफ के साथ ही हाउस कीपिंग के लिए हाथो की जरूरत महसूस की जा रही है। हमें यह कहने में कोई संकोच नही करना चाहिए कि पर्यटन के क्षेत्र में लगातार कर्मचारियों की आवश्यकता महसूस की जा रही है। यदि सरकार पर्यटन को सुरक्षा के साथ रोजगार के प्राथमिक उपकरण के रूप में स्वीकार कर ले तो देश की बेरोजगारी कम करने में मददगार क्षेत्र हो सकता है। जहाँ तक मै सोचता हूँ पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है जो टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए संजीवनी का काम कर सकता है। भारतवर्ष अपने खूबसूरत नजारों के चलते पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है । झरनों और नदियों से भरपूर , अनेक तरह के पारंपरिक मेले , खूबसूरत सामानों से परिपूर्ण बाजार , स्वादिष्ट भोजन , सदियों का इतिहास बयां करती ऐतिहासिक इमारतें खुद पर्यटकों को खींच लाती हैं । इतना ही नहीं ,कहीं नदियों का किनारा तो कहीं समुद्र की इठलाती लहरें सैलानियों को अपने से दूर न जाने देने की ताकत रखती है । इस संदर्भ में मुझे इंडोलॉजी और धार्मिक अध्ययन जैसे पश्चिमी शैक्षनिक विषयों के संस्थापक मैक्स मूलर के शब्द याद आते हैं , वे कहते थे " यदि हमें संपूर्ण विश्व में किसी ऐसे देश की खोज करनी हो जिसमें प्रकृति की सर्वाधिक संपदा , शक्ति और सौंदर्य निहित हो तो हमें भारत भ्रमण पर जाना होगा । साथ ही वे बेबाक कहा करते थे कि यदि मुझसे पूछा जाए की धरती पर स्वर्ग की कल्पना वे किस तरह करते हैं तब शिवाय भारतवर्ष के पूरी धरती वीरान नजर आती है ।

" संभवत " मैक्स मूलर "के इन्हीं विचारों से सहमत होकर हमारे देश की सरकार ने आर्थिक विकास में पर्यटन के योगदान को बढ़ाने हेतु पर्यटन नीति 2002 निर्मित की थी । अनेक बार ऐसा होता है जब एक अच्छी विचारधारा के साथ लाई गई योजनाएं समुचित ध्यान न देने से दम तोड़ने लगती है । मुझे लगता है हमारे देश की पर्यटन नीति भी ऐसी ही लापरवाही का शिकार हो चुकी है। अभी भी वह दिन नहीं आए हैं कि रोजगार सृजन , आर्थिक विकास तथा ग्राम्य पर्यटन के महत्व को न समझा जा सके । इच्छा शक्ति प्रबल हो तो हम आज भी एक मजबूत संकल्प के साथ पर्यटन के स्वर्णिम दोनों की ओर कदम बढ़ा सकते हैं ।" भारत वर्ष को भलीभांति समझ परख सके " इस नीति वाक्य को मन में संजोकर पर्यटन विकास की रूपरेखा नए सिरे से बनाई जानी चाहिए । यह कोई कठिन विषय नहीं कि हम यह न समझ सके कि पर्यटन विकास के प्रमुख चरण कौन से हैं । कोई भी पर्यटक अर्थात सैलानी अपने हृदय में पर्यटन से पूर्व यह विचार जरूर रखता है कि , वह जहां की सैर करना चाहता है वहां की सुविधाएं कैसी होगी ? विशेष रूप से स्वागत , सूचना , सुविधा ,सुरक्षा , सहयोग , संरचना और सफाई सात ऐसे प्रश्न है जो सैलानियों को उपलब्ध कराकर भरपूर आय कमाई जा सकती है । विगत दिनों हुए घटनाक्रमों को देखें तो इन सात प्रश्नों मैं सबसे बड़ा प्रश्न सुरक्षा के रूप में सामने आ रहा है । विशेष कर विश्व या धरती का स्वर्ग " कश्मीर " की यात्रा पर निकले पर्यटकों के लिए तो इसे प्राथमिकता में रखना ही होगा । पर्यटन मंत्रालय में इन सभी मुद्दों पर अपनी प्रतिबद्धता दिखाने के लिए 2010 में हुनर से रोजगार कार्यक्रम के तहत हाउस कीपिंग , बेकरी , ड्राइविंग ,खाद्य उत्पादन में प्रशिक्षण जैसे महज दो माह के लघु पाठ्यक्रम चलाए गए हैं । इस पर भी विचार करना होगा कि आखिर इन प्रशिक्षण योजनाओं में युवा क्यों नहीं जुड़ना चाह रहे हैं ? पर्यटन को एक उद्योग मानते हुए मैं अपनी अधो सरचना में भी ध्यान देंने की जरूरत समझता हूं । निम्न स्तर की सडके न केवल पर्यटकों के लिए समस्या उत्पन्न करती हैं बल्कि देश की विश्व स्तरीय छवि को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है । भारतवर्ष के अनेक पर्यटन क्षेत्र ऐसे हैं जहां न तो ट्रेन पहुंच सकती है और न ही वायु सेवा का लाभ मिल सकता है । तब हमें स्वीकार करना होगा कि सड़क सेवा को मजबूत आधार स्तंभ प्रदान करना कतई गलत नहीं होगा । साथ ही पर्यटन क्षेत्र में टूरिज्म इंडस्ट्री को विश्वासित बनाना होगा । होटल से एयरपोर्ट के बीच चलने वाली टैक्सियों का रेट तय करना होगा । होटल के कमरों के किराए पर भी पकड़ बनानी होगी , ताकि सैलानी बेफिक्र होकर भ्रमण कर सकें।

# देवी शक्ति के नौ रूपों की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र

संजय सक्सेना,लखनऊ





भारत भूमि को विश्व में उस संस्कृति के लिए जाना जाता है, जिसमें प्रकृति, शक्ति और तन-मन का संतुलन सर्वोच्च स्थान पर है। इस परंपरा के केंद्र में देवी शक्ति के विविध रूपों की पूजा और साधना का विशेष महत्व रहा है। इन्हीं महान पर्वों में से एक है 'शारदीय नवरात्र', जो आश्विन मास में प्रतिपदा तिथि से आरंभ होकर नौ दिनों तक चलता है और विजयादशमी को संपन्न होता है।आज इसका प्रथम दिन माँ शैली पुत्री को समर्पित है। यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान का काल नहीं, बल्कि साधना, संयम और आत्मशुद्धि का उत्सव माना जाता है। सनातन परंपरा में वर्ष भर चार नवरात्रों का उल्लेख है। चौत्र, आषाढ़, आश्विन और माघ। इनमें से चौत्र और शारदीय नवरात्र अधिक प्रसिद्ध और व्यापक रूप से मनाए जाते हैं। शारदीय नवरात्र शरद ऋतु की शुरुआत में आता है। यह केवल ऋतु परिवर्तन का संकेत नहीं, बल्कि प्रकृति और मानव जीवन में संतुलन साधने का काल माना जाता है। धार्मिक दृष्टि से यह नौ दिन देवी शक्ति के नौ रूपों की उपासना के लिए समर्पित होते हैं। कहा जाता है कि देवी सृष्टि में प्रेरणाशक्ति हैं और उन्हीं की साधना से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, साहस और विजय की प्राप्ति होती है। नवरात्र के प्रत्येक दिन देवी के अलग-अलग स्वरूप की पूजा होती है। प्रथम दिन पर्वतराज हिमालय की शैलपुत्री की पूजा होती है,जिनसे श्रद्धा और स्थिरता का संदेश मिलता है। दूसरे दिन मॉ ब्रह्मचारिणी' की, तीसरे दिन माँ चंद्रघंटा चौथे दिन दिन मॉ कूष्मांडा पांचवे दिन स्कंदमाता'' छठे दिन माँ कात्यायनी' सातवें दिन माँ कालरात्रि आठवें मॉ महागौरी और नौवें और अंतिम दिन माँ सिद्धिदात्री की पूजा होती है। मॉ के इन नौ रूपों की उपासना मानव जीवन को स्थिरता, संयम, साहस, नवसृजन, करुणा, धर्मरक्षा, भयमुक्ति, पवित्रता और सिद्धि से संपन्न होने के लिये की जाती है। शारदीय नवरात्र का सबसे महत्वपूर्ण पहलू व्रत, उपवास और संयम है। उपवास केवल अन्न का त्याग ही नहीं, बल्कि विषय-वासना और नकारात्मक भावनाओं से भी दूरी बनाने का साधन माना गया है। पारंपरिक रूप से श्रद्धालु इस अवधि में फलाहार करते हैं और माँ दुर्गा को अर्पित किए जाने वाले प्रसाद का सेवन करते हैं। धर्मशास्त्रों में उल्लेख है कि इस समय मनुष्य की इच्छाशक्ति और मानसिक दृढ़ता को शक्ति मिलती है। साथ ही, शरीर को भी शुद्ध करने के लिए यह उपवास सहायक होता है, क्योंकि ऋतु परिवर्तन के समय साधारण भोजन की अपेक्षा हल्का और सात्त्विक आहार स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

नवरात्र के बाद दशम दिन 'विजयादशमी' मनाई जाती है। यह दिन बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इसी दिन देवी दुर्गा ने महिषासुर का वध किया था। इसी दिन भगवान राम ने रावण पर विजय पाई थी। विजयादशमी इसलिए केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। यह संदेश देता है कि अंततः सत्य की ही विजय होती है। बहरहाल, देश के विभिन्न हिस्सों में शारदीय नवरात्र अलग-अलग रूपों में मनाया जाता है। उत्तर भारत के मंदिरों में सप्तशती पाठ और अखंड दुर्गा पूजा की परंपरा है। बंगाल और पूर्वी भारत में दुर्गा पूजा भव्य पंडालों, मूर्ति स्थापन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होती है। गुजरात में गरबा और डांडिया की विशेष परंपरा रही है, जहाँ स्त्री-पुरुष शक्ति स्वरूपा माँ की आराधना करते हुए नृत्य में भाग लेते हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश में रामलीला और रावण-दहन का आयोजन होता है। इन सभी रूपों में एक ही भाव छिपा होता है बुराई पर अच्छाई की विजय और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार। शारदीय नवरात्र केवल आस्था का पर्व ही नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासित करने का अवसर भी है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो ऋतु परिवर्तन के समय उपवास और सात्विक आहार शरीर को स्वास्थ्य देता है। ध्यान और जप मनःशांति प्रदान करते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से यह पर्व आत्मशुद्धि और ईश्वर से एकात्म होने का उत्तम समय है। साधना और उपासना का यह क्रम मनुष्य को भीतर से मजबूत करता है और जीवन की कठिनाइयों से जूझने का साहस देता है। शारदीय नवरात्र केवल नौ दिनों का धार्मिक आयोजन भर नहीं, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। यह पर्व व्यक्ति को आत्मसंयम, आध्यात्मिक साधना और सांस्कृतिक समृद्धि का संदेश देता है। नौ दिनों की भक्ति और साधना के पश्चात विजयदशमी का उत्सव हर मानव को यह प्रेरणा देता है कि चाहे जीवन में कितने ही संघर्ष क्यों न आएं, सत्य, धर्म और सद्गुण की विजय अवश्य होती है।

# जीवनधारा नदियों के लुप्त होने का खतरा: संरक्षण का संकल्प

ललित गर्ग



नदियां मात्र जलधाराएं नहीं हैं, वे जीवन की धमनियां हैं, सभ्यता की जननी हैं और प्रकृति का शाश्वत उपहार हैं। मानव सभ्यता का इतिहास गवाह है कि हर संस्कृति और हर महान नगरी का उदय नदियों के तट पर हुआ। गंगा, सिंधु, नील, अमेज़न, यांग्त्सी जैसी नदियाँ केवल भूगोल का निर्माण ही नहीं करतीं, बल्कि कृषि, व्यापार, परिवहन, ऊर्जा, आस्था और संस्कृति को भी दिशा देती हैं। विश्व स्तर पर हर वर्ष सितंबर के चौथे रविवार को मनाया जाने वाला विश्व नदी दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि नदियां हमारी अस्तित्व-रेखा हैं और उनका संरक्षण करना किसी विकल्प का नहीं बल्कि हमारे जीवन के अस्तित्व का प्रश्न है। 2005 में, संयुक्त राष्ट्र के 'जीवन के लिए जल दशक' की शुरुआत के उपलक्ष्य में, नदी अधिवक्ता मार्क एंजेलो ने विश्व नदी दिवस के गठन का प्रस्ताव रखा। यह अंतर्राष्ट्रीय प्रयास कनाडा में 1980 में एंजेलो द्वारा शुरू किए गए बीसी नदी दिवस की सफलता से प्रेरित था। विश्व नदी दिवस नदियों के महत्व को रेखांकित करता है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नदियों की बेहतर देखभाल-संरक्षण-संवर्धन का समर्थन करते हुए जन जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करता है। इस वर्ष की थीम 'हमारी नदियाँ, हमारा भविष्य' है, जो नदियों की रक्षा, जल अधिकारों को बनाए रखने और नदी प्रबंधन में स्थानीय समुदायों की आवाज को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर केंद्रित है।

संयुक्त राज्य अमेरिका का लगभग 65 प्रतिशत पेयजल नदियों से आता है, इसी तरह भारत सहित अनेक देशों में पेयजल का मुख्य स्रोत नदियां ही है। नदियां हमें बिजली पैदा करने, फसलों को पानी देने और पीने योग्य पानी उपलब्ध कराती हैं। यही कारण है कि एम्स्टर्डम, बैंकॉक और बर्लिन जैसे समृद्ध शहर नदियों के किनारे बसे हैं। दुर्भाग्य यह है कि जिन नदियों ने हमें जीवन दिया, हमने उन्हीं को प्रदूषण और विनाश की गर्त में धकेल दिया। औद्योगिक इकाइयों का रासायनिक कचरा, नगरों का गंदा पानी, प्लास्टिक और घरेलू अपशिष्ट ने नदियों को गटर में बदल दिया है। अंधाधुंध बांध निर्माण और जलविद्युत परियोजनाओं ने उनकी प्राकृतिक धारा को बाधित किया है। धार्मिक आस्थाओं और अंधविश्वासों के नाम पर मूर्तियों और अस्थियों का विसर्जन नदियों की पवित्रता को विषाक्त बना रहा है। जलवायु परिवर्तन और ग्लेशियरों के पिघलने से नदियों के अस्तित्व पर संकट गहरा रहा है। भारत में गंगा, यमुना, चंबल, साबरमती जैसी नदियां इस प्रदूषण और शोषण का शिकार हैं, वहीं विश्व स्तर पर अमेज़न, नील और डेन्यूब जैसी नदियां भी प्रदूषण और अत्यधिक दोहन की मार झेल रही हैं। पृथ्वी की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अपनी जीविका के लिए मछलियों पर निर्भर है, इसलिए हमें औद्योगिक कचरे के कारण नदियों के क्षरण को सक्रिय रूप से रोकने और पानी के नीचे के पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है।

नदियां केवल जल का स्रोत नहीं बल्कि जीव-जंतुओं और वन्य जीवन की धुरी हैं। असंख्य मछलियां, कछुए, पक्षी और जलीय प्राणी नदियों से अपना जीवन पाते हैं। जब नदी प्रदूषित होती है तो यह जैवविविधता समाप्त होने लगती है, खेत बंजर हो जाते हैं, भूजल स्तर गिर जाता है और प्रकृति का संतुलन बिगड़ने लगता है। नदियों की मृत्यु वास्तव में पृथ्वी/सृष्टि की मृत्यु है। इन परिस्थितियों में यह आवश्यक है कि नदियों के संरक्षण को हम केवल सरकारी योजनाओं या नीतियों तक सीमित न रखें, बल्कि इसे जनांदोलन का रूप दें। प्रदूषण पर कठोर नियंत्रण, जल प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, शोधन संयंत्रों की अनिवार्यता और सामाजिक जागरूकता ही वे उपाय हैं जिनसे नदियों को नया जीवन दिया जा सकता है। गंगा एक्शन प्लान और नमामि गंगे जैसी योजनाएँ तभी सार्थक होंगी जब समाज ईमानदारी से अपने हिस्से का कर्तव्य निभाएगा। नदियों को गंदा करना आत्मघात है और उन्हें बचाना जीवन रक्षा का संकल्प।

भारत में कई नदियां सूखने या प्रदूषित होने के कारण मरने के कगार पर हैं। इन नदियों की हालत इतनी खराब हो गई है कि कुछ तो नालों में बदल गई हैं और उनका नदी होना भी मुश्किल है। तेजी से बढ़ते प्रदूषण, तथाकथित भौतिकवादी सोच एवं नदियों के प्रति उपेक्षा एवं दोहन के कारण कई नदियां अब 'मृत' होने की कगार पर है। गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियां भी दुनिया की प्रदूषित नदियों में शामिल हो चुकी है।

नदियां के अत्यधिक ख़तरे में होने से मानव जीवन, पर्यावरण एवं प्रकृति भी संकट में है। जरूरत है मानसूनी जल को नदियों से जोड़ने एवं संरक्षित करने की। देश में सर्वत्र नदियों का अस्तित्व खतरे में है। विशेषतः उत्तर प्रदेश में नदियों की संख्या लगभग 1,000 है, जिनका 55 हजार किलोमीटर का नेटवर्क है। उनमें से 30 हजार किलोमीटर क्षेत्र में जल घटा है या सूखा है। प्रदेश की 100 छोटी और सहायक नदियां सूख चुकी हैं। बिहार की 50 से अधिक नदियां संकट में हैं। इनमें 32 बड़ी नदियां सूख चुकी हैं, जबकि 18 में पानी थोड़ा बचा है। यमुना नदी भारत की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक है और यह अत्यधिक प्रदूषण और पानी के अत्यधिक दोहन के कारण मरने के कगार पर है। साहिबी नदी, जो कभी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान की एक महत्वपूर्ण नदी थी। हैरानी की बात है कि गंगा, सोन और अघवारा जैसी बड़ी नदियों में भी पानी कम है। उत्तराखंड में अल्मोड़ा-हल्द्वानी की लाइफलाइन कोसी और गौला नदियों का जलस्तर कम हो रहा है।

जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा के तरीकों में बदलाव आया है, जिससे कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति बढ़ गई है और नदियों में पानी का प्रवाह कम हो गया है। नदियों से रेत का अवैध खनन भी नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचा रहा है और नदियों के बहाव को बदल रहा है। जंगलों की कटाई से मिट्टी का कटाव बढ़ रहा है, जिससे नदियों में गाद जमा हो रही है और उनकी गहराई कम हो रही है। भारत नदियों का एक अनोखा देश है जहां नदियों को पूजनीय माना जाता है। गंगा, यमुना, महानदी, गोदावरी, नर्मदा, सिंधु (सिंधु), और कावेरी जैसी नदियों को देवी-देवताओं के रूप में पूजा जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में बनाया गया जल शक्ति मंत्रालय, नदी घाटियों में आर्द्रभूमि के पुनरुद्धार और संरक्षण और नदी प्रदूषण के खतरनाक स्तर से निपटने पर ध्यान केंद्रित करता है। देश के समक्ष वाटर विजन 2047 प्रस्तुत किया गया है यानी आजादी के सौ वर्ष पूरे होने तक देश को प्रत्येक वह कार्य करना है, जो देश को पानी के मामलों में सबल बना सके। इसमें हमारी नदियां भी शामिल हैं।

नदियां मानव अस्तित्व का मूलभूत आधार है और देश एवं दुनिया की धमनियां हैं, इन धमनियों में यदि प्रदूषित जल पहुंचेगा तो शरीर बीमार होगा, लिहाजा हमें नदी रूपी इन धमनियों में शुद्ध जल के बहाव को सुनिश्चित करना होगा। नदियों को राष्ट्रीय संपत्ति घोषित किये जाने की जरूरत है। देश में नदी जल एवं नदियों के लिए कानून बने हुए है, आवश्यक हो गया है कि उस पर पुनर्विचार कर देश के व्यापक हित में विवेक से निर्णय लिया जाना चाहिए। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को इस पानी से बुझाना चाहते हैं। यह किसी से छिपा नहीं है कि हमारे देश में गर्मी और लू के दिन जहां बढ़ रहे हैं, वहीं बरसात के दिन घटते जा रहे हैं। ऐसे में मानसूनी वर्षा के जल को यदि सलीके से नहीं सहेजा गया तो देश की सामाजिक-आर्थिक-प्राकृतिक स्थिति पर जल-संकट का बड़ा घातक प्रभाव होगा।

विश्व नदी दिवस हमें यह चेतावनी देता है कि यदि नदियां सूख जाएंगी, प्रदूषित हो जाएंगी या विलुप्त हो जाएंगी तो मानव सभ्यता का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा। नदियां हमारी जीवनरेखा और सांस्कृतिक धरोहर हैं, उनका संरक्षण करना ही आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन और आशा को बचाना है। यह अवसर हमें यह संकल्प लेने का आह्वान करता है कि हम नदियों को केवल उपयोग की वस्तु न समझें, बल्कि जीवित प्राणी की तरह उनका सम्मान करें, क्योंकि नदी बचेगी तो जीवन बचेगा, नदी बहेगी तो संस्कृति बहेगी।

## एक नजर

### आबकारी विभाग की कार्रवाई 12 हजार रुपये का विदेशी मदिरा एवं एक स्कूटी जब्त



**बलौदाबाजार, 27 सितम्बर।** आबकारी विभाग बलौदाबाजार द्वारा अवैध मदिरा पर कार्यवाही करते हुए 12 हजार रुपए मूल्य के विदेशी शराब एवं एक स्कूटी वाहन को जब्त किया गया। प्राप्त जनकारी के अनुसार सिमगा वृत्त ग्राम बुड़गहन थाना हथबंद में आबकारी विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार को आरोपी करन उर्फ कैलाश निषाद साकिन नेवरा थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर के काले रंग के एक्टिवा स्कूटी में परिवहन करते 18.00 बल्क लीटर विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की जब्त किया गया। विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की का बाजार मूल्य 12,000 रुपये होना पाया। आरोपी करन उर्फ कैलाश निषाद साकिन नेवरा थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) एवं 59 (क) प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालयीन अभिरक्षा में भेजा गया। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, दिनेश कुमार साहू, आबकारी मुख्य आरक्षक राधा गिरी गोस्वामी मौजूद रहे ।

### उचित मूल्य की दुकानें खोलने के लिए 10 तक कर सकते हैं आवेदन

**दंतेवाड़ा, 27 सितम्बर।** कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के गीदम विकासखंड अंतर्गत बडेकरका, हारला, बुधपदर, नेलगोड़ा, हिरानार-02, माइपाल, सियानार, हारम-02, बडेपनेड़ा-02, कारली-02 ग्राम पंचायतों में नवनिर्मित ग्राम पंचायत बनने पर शासकीय उचित मूल्य की दुकान आबंटन करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में इच्छुक एजेंसियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें वृहदाकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समितियां, ग्राम पंचायतें, महिला स्व-सहायता समूह, वन सुरक्षा समितियां, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट सार्वजनिक उपक्रम, अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियां तथा प्राथमिक कृषि साख समितियां शामिल होंगी। इसके लिए निर्धारित ÷प्रारूप÷ में आवेदन पत्र 10 अक्टूबर तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, गीदम के कार्यालय में प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

### ढोलकल पर्यटन क्षेत्र सहित कमालूर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**दंतेवाड़ा, 27 सितम्बर।** जिले में स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान एवं सामूहिक श्रमदान अभियान ''एक साथ एक दिन एक घंटा एक साथ'' के तहत जिले के सभी विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में श्रमदान के तहत सार्वजनिक स्थल, शासकीय भवन, पंचायत भवन, हाट बाजारों में साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में जिले के ढोलकल पर्यटन क्षेत्र सहित ग्राम कमालूर में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि गण, सरपंच, सचिव एवं स्व सहायता समूह की सदस्यों द्वारा सार्वजनिक स्थलों की साफसफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

# आठ लाख का इनामी डीवीसीएम और एक लाख का इनामी जनताना सरकार अध्यक्ष गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 27 सितंबर।** जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। थाना बासागुड़ा, भैरमगढ़, डीआरजी और कोबरा 210 की संयुक्त कार्यवाही में आठ लाख रुपये के इनामी डीव्हीसीएम और एक लाख रुपये के इनामी जनताना सरकार अध्यक्ष को गिरफ्तार किया गया।

पहली कार्रवाई में डीआरजी और कोबरा की संयुक्त टीम ने पोलमपल्ली के जंगल से मल्लेश कुंजाम (डीव्हीसीएम, जगरगुंडा एरिया कमेटी) को पकड़ा। उस पर आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था। आरोपी पर बासागुड़ा, तर्रेम, पामेड़, उसूर और आवापल्ली थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, पुलिस पार्टी पर हमला, लूट, डकैती और आगजनी जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

दूसरी कार्रवाई में थाना जांगला और भैरमगढ़ पुलिस ने सर्चिंग के दौरान अनिल वेको (जनताना सरकार अध्यक्ष, बिरियाभूमि आरपीसी) को डारमेर से गिरफ्तार किया। उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। वह कई बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल रहा है, जिनमें आईईडी ब्लास्ट, ग्रामीण की हत्या, पुलिस पार्टी पर फायरिंग और चुनाव के दौरान हमला शामिल हैं। गिरफ्तार दोनों नक्सलियों को पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर अदालत में पेश किया है।

# बीजापुर में उद्यमियों और बैंकों का सीधा संवाद, मौके पर ही शुरू हुई ऋण प्रक्रिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बीजापुर, 27 सितंबर।** जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) सेक्टर को सशक्त बनाने और उद्यमियों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से RAMP योजना के तहत जिला पंचायत बीजापुर के सभाकक्ष में उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस एक दिवसीय कार्यशाला में जिले के MSME उद्यमियों, महिला उद्यमियों, पीएमएफएमई एवं पीएमईजीपी योजनाओं से जुड़े उद्यमियों और स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बंधन बैंक, आईसीआईसीआई, एचडीएफसी, आईडीबीआई सहित प्रमुख बैंकों के अधिकारियों ने उद्यमियों से सीधा संवाद किया और उन्हें मुद्रा योजना, CGTMSE, ऋण सुविधाओं और अन्य वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी।

इस दौरान उद्यमियों को अपने व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं को बैंक अधिकारियों के सामने रखने और मौके पर ही समाधान पाने का अवसर मिला। कई ऋण प्रस्तावों पर तत्काल कार्यवाही भी प्रारंभ की गई। महाप्रबंधक श्री पी.आर. खण्डेलवाल ने कहा कि इस तरह के संवाद कार्यक्रम MSME सेक्टर को नई दिशा देने का काम करते हैं और आगे भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे।

कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक श्री अमृत एक्का, विभागीय अधिकारी श्री डी.पी. साहू, श्री महेश किरणापुर, जिला कोषालय अधिकारी श्री महावीर टंडन, महिला स्व सहायता समूह और औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भाजपा मना रही है जीएसटी बचत तिहार

### विधायक चैतराम अटामी ने व्यापारियों से मुलाकात कर बताया लाभ



**दंतेवाड़ा, 27 सितंबर।** भाजपा पूरे प्रदेश में व्यापारी व आमजनों को जीएसटी का लाभ बताने के लिए जीएसटी तिहार मना रही है। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक प्रदेश के हर जिलों, मंडल व शक्तिकेन्द्रों में भाजपा जीएसटी को लेकर व्यापक अभियान चला रही है। विधायक चैतराम अटामी ने बचेली एवं गीदम में व्यापारिक संगठनों व आमजनों से भेंट कर उन्हें जीएसटी का लाभ बताया है। इस दौरान उन्होंने दैनिक जीवन की सामग्री खरीदी कर आम लोगों को जीएसटी के लाभ के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है, जो सर्व स्वीकार्य है। इसके साथ ही भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं पार्टी कार्यकर्ता लगातार जीएसटी रिफॉर्म को लेकर आमजनों व व्यापारिक संगठनों के बीच पहुंचकर इस ऐतिहासिक फैसले के बारे में बता रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि पूरे प्रदेश में जीएसटी रिफॉर्म अभियान को लेकर अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक अभियान को लेकर कार्यशाला संपन्न हो चुके हैं। आम जनमानस के बीच जीएसटी सुधार को लेकर उत्सव व उत्साह का वातावरण है।

# जल जीवन मिशन को ग्राम स्तर पर मजबूती देने सरपंच-सचिवों का प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 27 सितंबर।** ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में जल जीवन मिशन को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बीजापुर जिले में सरपंचों और सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत बीजापुर द्वारा कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पी.आर. साहू, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एस.आर. नेताम एवं सहायक अभियंता श्री जगदीशकुमार देशमुख ने नेतृत्व किया।

प्रशिक्षण सत्र में जल जीवन मिशन के आईईसी समन्वयक खेमेंद्र साहू, टोपेश्वर साहू, सत्यजीत पाण्डेय और इन्द्र बहादुर ने योजना की रूपरेखा, उद्देश्य एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की भूमिका, नल-जल मित्रों और जल बहिनियों की जिम्मेदारियों तथा स्थानीय सहभागिता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान जल संरक्षण, जनजागरूकता, टिकाऊ क्रियान्वयन और सामुदायिक सहभागिता पर विशेष चर्चा हुई। प्रशिक्षण का मुख्य लक्ष्य सरपंच-सचिवों को तकनीकी, प्रबंधकीय और सामाजिक पहलुओं से परिचित कराना रहा ताकि वे अपने-अपने गांवों में योजना को मजबूती और स्थायित्व प्रदान कर सकें।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मेगा शिविर का हुआ आयोजन



**दंतेवाड़ा, 27 सितम्बर।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में ''स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान'' के संदर्भ में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत समस्त विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 24, 25, 26 सितंबर 2025 को जिले में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। हालांकि यह अभियान प्रत्येक माह, 9 एवं 24 तारीख को नियमित आयोजित किये जाते रहे है। परन्तु वर्तमान में ''स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान'' (17 सितम्बर 2025 से 2 अक्टूबर 2025) के मद्देनजर इसी माह मेगा शिविर के रूप में दोनों अभियानों को एक साथ आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान गर्भवती माताओं की जांच एवं एचआरपी माताओं का फॉलोअप जांच का 100 प्रतिशत कवरेज किए जाने का प्रयास रहा जहां की समस्त माताओं की गैर संचारी रोग हेतु स्क्रीनिंग भी पूर्ण की गई। इस शिविर में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक प्रयोगशाला जांच, सोनोग्राफी, अल्ट्रासाउंड, उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान तथा उचित परामर्श एवं औषधि वितरण किया गया। इस क्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने गर्भवती माताओं का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा सुरक्षित प्रसव एवं पोषण संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

इन शिविर में अब तक कुल 1177 गर्भवती माताओं का पंजीयन कर स्वास्थ्य संबंधी समस्त परीक्षण किया गया है। साथ ही उच्च जोखिम वाली माताओं को विशेष निगरानी हेतु चिन्हांकित कर विभिन्न विषय जैसे पोषण जन्म की तैयारी, खतरे के लक्षण, प्रश्नोत्तरी शिशु स्वास्थ्य इत्यादि पर आवश्यक परामर्श एवं मार्गदर्शन दिया गया।

# बस्तर सांसद ने नवरात्रि के पावन पर्व पर माई दंतेश्वरी के दर्शन कर प्रदेश के सुख एवं समृद्धि की कामना की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 27 सितंबर।** बस्तर लोकसभा के सांसद महेश कश्यप सहपरिवार आज दंतेवाड़ा पहुंचे, दंतेवाड़ा आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता,विधायक चैतराम अटामी समेत भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

सांसद महेश कश्यप के साथ चित्रकोट विधानसभा के विधायक विनायक गोयल भी दंतेवाड़ा पहुंचे जिनका भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। सांसद महेश कश्यप एवं चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दरबार पहुँच पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना की। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा किया,सांसद महेश कश्यप ने नवरात्री एवं दशहरा के पावन पर्व की प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दिया।

# सीएमडीसी अध्यक्ष ने की एनएमडीसी प्रबंधन से खनन पट्टों के लंबित मुद्दों पर चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 27 सितम्बर।** आज जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड श्री सौरभ सिंह द्वारा जिला प्रशासन सहित एनएमडीसी के अधिकारियों के साथ खनन संबंधित नीतिगत एवं व्यवहारिक बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण चर्चा किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी सहित कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत एवं एनसीएल एवं एनएमडीसी के (बचेली, किरंदुल) के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में एजेंडा अनुसार इस्पात विनिर्माण इकाइयों को प्रतिस्पर्धी दरों पर 50 प्रतिशत लौह अयस्क उपलब्ध कराने, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में लौह-आधारित इकाइयों को लौह अयस्क की दरों पर कम से कम 30 प्रतिशत की छूट प्रदान करने, जगदलपुर से रायपुर तक स्लरी पाइप लाइन बिछाई जाने, एनएमडीसी के खरीद नियमों में स्थानीय एमएसएमई, निर्माताओं को प्राथमिकता जैसे मुद्दे शामिल थे।

# डीएवी में साइबर जनजागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**किरंदुल, 27 सितंबर।** डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री बबलू सिद्दीकी जी की उपस्थिति में एवं किरंदुल थाना के नगर निरीक्षक श्री संजय कुमार यादव के नेतृत्व में उनकी पूरी टीम के द्वारा आज साइबर जन जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें नगर निरीक्षक श्री संजय कुमार यादव, श्री हेमशंकर गुनेंद्र, आरक्षक देवलाल सिदार, आरक्षक सुभाष प्रसाद शामिल थे । नगर निरीक्षक महोदय के द्वारा महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आधारित साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया । जिसमें वर्तमान समय में जो साइबर क्राइम ,साइबर फ्रॉड एवं डिजिटल अरेस्ट के बारे में विस्तार से विभिन्न सत्य आधारित घटनाओं का उदाहरण के साथ संजय यादव जी ने बच्चों एवं शिक्षकों को विस्तृत जानकारी दी जिसमें साइबर धोखेबाजों से बचने में निश्चित रूप से मददगार साबित होगी ।

सब इंस्पेक्टर श्री हेमशंकर गुनेंद्र जी ने इस जलसाजी का मुख्य कारण लालच, लापरवाही व डर को बताया एवं इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी । नगर पालिका किरंदुल के उपाध्यक्ष श्री बबलू सिद्दीकी जी ने भी इस अवसर पर अपने अनुभवों को साझा किया एवं इससे बचने की विभिन्न तरीके बताएं । विद्यालय के प्राचार्य श्री एस के श्रीवास्तव जी ने भी अपने विचार एवं प्रश्नों को विषय विशेषज्ञ के समक्ष रखकर कार्यक्रम का शोभा बढ़ाया एवं कार्यक्रम को रुचिकर बनाने में सहयोग दिया, साथ ही उन्होंने कहा की यातायात नियमों के अनुसार ही लोगों को चलना चाहिए और जानकारी ही बचाव है पर जोर दिया।

# शिकायत के बावजूद आरईएस-एसडीओ पर कार्रवाई नहीं

### निर्माण कार्यों की पूर्णता प्रमाण पत्र के लिए एडवांस में कमीशन लेने की हो चुकी शिकायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### उपमुख्यमंत्री अरुण साव से की गई शिकायत भी बेअसर



कार्यालय जिला पंचायत दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ0ग0)

//आदेश//

**दंतेवाड़ा 27 सितम्बर।** जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में पदस्थ आरईएस के एसडीओ पर लगे कमीशन खोरी के आरोपों की जांच अब तक शुरू नहीं हुई है, न ही उन्हें प्रभार से हटाया गया है। सरपंचों ने कलेक्टर को एसडीओ की कारगुजारियों के खिलाफ9 सितंबर को लिखित शिकायत कर पद से हटाने की मांग की थी। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होता देखकर सरपंचों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने 22 सितंबर को दंतेवाड़ा प्रवास पर पहुंचे उप मुख्यमंत्री अरुण साव को भी ज्ञापन सौंपकर उक्त एसडीओ को हटाने की मांग की थी। उप मुख्यमंत्री के आश्वासन के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। उप मुख्यमंत्री के प्रवास के 3 दिन बाद ही जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अफसरों के प्रभार में मामूली फेरबदल जरूर किया, लेकिन सरपंचों का विरोध झेल रहे एसडीओ प्रमेन्द्र समरथ के प्रभार या पोस्टिंग में कोई बदलाव नहीं किया, जिससे पंच-सरपंचों व अन्य जनप्रतिनिधियों में रोष बढ़ता ही जा रहा है।

**ये है मामला**

सरपंचों ने एसडीओ के खिलाफ कलेक्टर से लिखित शिकायत में कहा है कि एसडीओ कार्य के पूर्णता प्रमाण पत्र के एवज में कमीशन की मांग करते हैं। मुख्य शिकायतकर्ता व मेटापाल पंचायत-1 के उप सरपंच विज्जो पोडियामी ने बताया कि बीते 09 सितंबर को कावड़गांव, मेटापाल, जारम, पोंदुम, चितालंका एवं कुंदेली समेत कई अन्य पंचायतों के सरपंचों ने कलेक्टर से लिखित शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में पदस्थ एसडीओ प्रमेंद्र समरथ कार्य पूर्ण होने के बाद भी पूर्णता प्रमाण पत्र नहीं देते हैं। प्रमाण पत्र देने के एवज में सरपंचों से खुलेआम कमीशन की मांग उनके द्वारा की जाती है। राशि नहीं देने पर पूर्णता प्रमाण पत्र देने में उनके द्वारा आनाकानी अथवा देरी की जाती है। सरपंचों ने अपनी शिकायत पत्र में एक घटना का जिक्र करते कहा है कि कुछ दिनों पूर्व चितालंका पंचायत में सीसी सड़क का कार्य हुआ था, जिसका पूर्णता प्रमाण पत्र 1 माह तक नहीं दिया गया था। कमीशन की राशि देने के बाद ही कार्य पूर्णता का प्रमाण पत्र एसडीओ के द्वारा जारी किया गया। सरपंचों का कहना है कि उनके जनपद के अलग-अलग पंचायतों में करीब 100 से अधिक कार्य पूर्ण कराया जा चुका है लेकिन पूर्णता प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है। सीईओ जनपद को शिकायत भी की गई है, लेकिन कोई जांच कारवाई उनके द्वारा नहीं की गई है।

उप सरपंच विज्जो पोडियाम ने कहा कि सरपंच सचिव हार्डवेयर दुकानों से उधारी में गिटटी, सीमेंट, छड़, इत्यादि सामाग्री उठाते हैं और काम को किसी तरह से पूर्ण करते हैं, वहीं दूसरी ओर एसडीओ द्वारा पूर्णता प्रमाण पत्र देने में विलम्ब किया जाता है। राशि की मांग की जाती है जिसके वजह से हमें पेमेंट विलंब से मिलता है। दुकानदारों को भी पेमेंट देने में देरी होती है।

# बीटीओए परिवार ने दंतेवाड़ा कारली में कराया विशाल भंडारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा, 27 सितंबर।** बैलाडीला ट्रक ऑनर्सएसोसिएशन की और से जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में शुक्रवार दिनांक 26 सितम्बर को महाभण्डारा का किया गया था आयोजन नवरात्री के पर्व पर जगह जगह भंडारे का आयोजन देखने को मिलता हैं इसी कड़ी मे दंतेवाड़ा के कारली मे बैलाडीला ट्रक ओनर एसोसिएशन के परिवार एवं सदस्यो द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था जिसमे हलवा, पुड़ी ,सब्जी का वितरण भक्तो मे किया गया। आने जाने वालो सरद्धालुओ के साथ - साथ जिला मुख्यालय के भक्तो ने भी भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया आप को बता दें कि नवरात्री के पर्व पर जगह जगह विशाल भंडारे का आयोजन निशुल्क भोजन बाँटने की एक प्रथा हैं जो विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों जैसे हवन, पूजा के बाद किया जाता हैं। आपको बता दें, की बीटीओए के पदाधिकारीयों का चुनाव हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं,यह भंडारा बीटीओ के एकता का प्रतीक बन गया है इस भंडारे प्रशाद वितरण के दौरान अध्यक्ष मनोज सिंह सचिव अकाशगोयल उपाध्यक्ष वीरू गौतम सहसचिव विस्वजीत पिंकु सरकार, बि टी ओ ए परिवार के सदस्य पुखराज सोनी,डिवीन थॉमस ,सुनील कुमार नाग, लुभम निर्मलकर उपस्थित थे ।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव की अगुवाई में महामाया मंदिर से अस्पताल तक सफाई



**रायपुर, 27 सितम्बर ।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव की अगुवाई में आज सेवा पखवाड़ा के तहत लोरमी नगर पालिका में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान चलाकर सफाई की गई। इस दौरान लोरमी के महामाया मंदिर से लेकर 50 बिस्तर अस्पताल तक सफाई अभियान चलाया गया। उप मुख्यमंत्री श्री साव के साथ मुंगेली के कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम पटेल, जिला पंचायत के सीईओ श्री प्रभाकर पाण्डेय और नगर पालिका के अध्यक्ष श्री सुजीत वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी श्रमदान किया।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने श्रमदान के बाद कहा कि हमारे स्वभाव व संस्कार में स्वच्छता का हमेशा स्थान रहा है। इस अभियान से सभी लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। सभी संगठनों के एक-एक व्यक्ति द्वारा मेरा लोरमी, मेरा अभिमान की भावना से शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। लोरमी स्वच्छ, सुंदर और सुविधापूर्ण बने, ऐसा एक-एक व्यक्ति का संकल्प हो। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 में हमारी सरकार बनने के बाद जो भावना आई है, उससे बच्चे भी स्वच्छता के प्रति जागरूक हुए हैं। हमें शहर को अपना घर मानकर चलना पड़ेगा। घर की ही तरह शहर को भी साफ रखेंगे तो हमारा लोरमी स्वच्छ और सुंदर हो जाएगा। साव ने लोरमीवासियों को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में समयबद्धता व उत्साह के साथ भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने श्रमदान के बाद लोगों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने, गंदगी नहीं करने तथा दूसरों को भी गंदगी करने से रोकने की शपथ दिलाई।

# शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों एवं संस्थानों को किया गया सम्मानित

**महासमुंद 27 सितंबर।** विकासखण्ड बागबाहरा अंतर्गत गुरूवार को अनुविभाग स्तरीय शिक्षक सम्मान 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन एसडीएम श्री उमेश कुमार साहू ने किया। इस समारोह में शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों एवं संस्थानों को सम्मानित किया गया।

इस दौरान एसडीएम श्री साहू ने सभी चयनित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित शिक्षकों को विशेष मंच पर आमंत्रित कर उनके कार्यों को प्रेरणादायी बताया। इस अवसर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक समाज की आत्मा होते हैं। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि प्रत्येक शिक्षक पूरे समर्पण से कार्य करें, तो शिक्षा की गुणवत्ता निश्चित ही नई ऊँचाइयों तक पहुँच सकती है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की निष्ठा, लगन और सेवा भाव ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूत करते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी शिक्षकों को निरंतर नवाचार, अनुशासन और उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करने हेतु प्रेरित किया।इस अवसर पर जाति प्रमाण पत्र, अपार पोर्टल एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में योगदान देने वाले संकुल समन्वयकों को भी सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ग्रामों में विविध गतिविधियों का आयोजन

**महासमुंद, 27 सितम्बर ।** जिला महासमुंद में सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत सचिवों, पंचायत प्रतिनिधियों को उन्मुखीकरण के माध्यम से ग्राम विकास योजना बनाने तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसके अलावा अन्य विभागों द्वारा अपने योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। आज जिले के समस्त विकासखण्डों के चयनित ग्रामों में पशुपालन विभाग द्वारा विभिन्न विभागीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें पशु उपचार, टीकाकरण, बधियाकरण, कृमिनाशक दवा पान कृत्रिम गर्भाधान कार्य संपादित किये गये। पशुपालकों को दुधारू पशुओं को अधिक उत्पादन हेतु संतुलित पशु आहार एवं हरा चारा खिलाने के संबंध में जानकारी दी गई। गौवंशीय एवं भैंस वंशी पशुओं में मादा वत्स प्राप्त करने हेतु कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से सेक्स सॉर्टेड सीमेन का उपयोग अपने पशुओं को गर्भधारण हेतु करने की सलाह दी गई। अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ पशुपालकों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया।इसी तरह उद्यानिकी विभाग द्वारा महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम बोड़रा, कुर्राभाठा, सलिहाभाठा, पथर्री, डूमरपाली, बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम भदरसी, बीके बाहरा, भीमखोज, बसना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बनडबरी, ग्राम कुसमुर, पतेरापाली, पिथौरा अंतर्गत डूमरपाली, धनोरा, सरायपाली अंतर्गत गाम खैरमाल में आंवला, अमरूद, कटहल, जामुन, करौंदा, अशोक, नींबू, बेल, आम, तेजपत्ता, खम्हार एवं सीरिश के 2500 फलदार पौध का वितरण किया गया।

### पोषण माह में बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर ग्राम अमोरी में शिविर

**महासमुंद 27 सितम्बर ।** पोषण माह के अंतर्गत सेक्टर झलप के ग्राम अमोरी में मोटापे की रोकथाम एवं कुपोषण उन्मूलन विषय पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं को गुड टच बैड टच की जानकारी दी गई तथा उपस्थित महिलाओं को पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा अधिनियम एवं सहायता हेतु 1098 टोल फ्री नंबर की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।शिविर में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का वजन एवं ऊँचाई मापी गई। विशेषज्ञों ने उपस्थित महिला एवं पुरुषों को बताया कि कम वजन व कम ऊँचाई कुपोषण के संकेत हैं, जिससे बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वहीं अधिक वजन और मोटापे से भी स्वास्थ्य पर गंभीर समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। इस अवसर पर मोटापे को नियंत्रित करने के उपाय एवं संतुलित आहार संबंधी सुझाव दिए गए।कार्यक्रम में पौष्टिक पोषण प्रदर्शनी भी लगाई गई। ग्राम अमोरी की आंगनबाड़ी में प्रतिदिन 90 प्रतिशत से अधिक बच्चों की उपस्थिति को देखते हुए कलेक्टर द्वारा केंद्र को उपहारस्वरूप अनौपचारिक शिक्षा का बड़ा किट प्रदान किया गया। किट में बच्चों के लिए गिटार, सिंथेसाइजर, जोड़ी मिलाने का खेल, सिल्वर कलर की तलवार एवं जोड़ने वाले बॉक्स जैसी सामग्री सम्मिलित रही।

### पीसी-पीएनडीटी एक्ट अंतर्गत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक 29 सितंबर को

**महासमुंद 27 सितंबर ।** गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी एक्ट) लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम 1994 की धारा (17) अंतर्गत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक 29 सितंबर 2025 को दोपहर 12ः00 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, महासमुंद में आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई. नागेश्वर राव ने समिति के सदस्यों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

### सेवा पखवाड़ा के तहत गांधी स्टेडियम में भव्य चित्रकला प्रतियोगिता



**रायपुर, 27 सितंबर।** सेवा पखवाड़ा के अवसर पर शुक्रवार को अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित रंगारंग चित्रकला प्रतियोगिता बच्चों की रचनात्मकता और ऊर्जा से जीवंत हो उठी। स्कूली बच्चों ने विकसित भारत, ऑपरेशन सिन्दूर, महिला सशक्तिकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, आयुष्मान भारत, मेक इन इंडिया जैसे राष्ट्रीय और सामाजिक संदेशों पर शानदार पेंटिंग्स बनाईं। कई बच्चों ने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जीवन से प्रेरित रचनाएँ प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और समारोह को संबोधित किया। श्री अग्रवाल ने न केवल बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित किया बल्कि स्वयं भी पेंटिंग ब्रश उठाकर एक प्रतीकात्मक चित्र बनाकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने बच्चों से प्रत्यक्ष संवाद करते हुए उनके विचार सुने और कहा कि ÷चित्रकला केवल कला नहीं, बल्कि विचार और संस्कारों का आईना है। आप अपनी रचनाओं में समाज का भविष्य और देश का सपना साकार करते हैं।सेवा पखवाड़ा के तहत गांधी स्टेडियम में भव्य चित्रकला प्रतियोगिता अग्रवाल ने बच्चों से उनके विषयों पर चर्चा करते हुए विकासशील भारत, महिला सशक्तिकरण और वोकल फॉर लोकल जैसे मुद्दों पर उनके दृष्टिकोण जाने। उन्होंने बच्चों से पूछा कि वे पढ़ाई के साथ कला को कैसे संतुलित करते हैं ।

# धान खरीदी से पहले फसल प्रविष्टियों का होगा त्रिस्तरीय सत्यापन

**रायपुर, 26 सितम्बर ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन से पूर्व राज्य शासन ने फसल प्रविष्टियों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए त्रिस्तरीय सत्यापन प्रक्रिया लागू की है। इसी कड़ी में संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज की अध्यक्षता में डिजिटल फसल सत्यापन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

प्रशिक्षण में बताया गया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार एग्रीस्टेक पोर्टल और भुईंया सॉफ्टवेयर में दर्ज प्रविष्टियों का 5 प्रतिशत रैंडम सत्यापन मोबाइल पीवी ऐप के माध्यम से किया जाएगा। यह कार्य तीन चरणों में सम्पन्न होगा। पहले चरण में चयनित खसरों का भौतिक सत्यापन राजस्व एवं कृषि विभाग के फील्ड अधिकारी करेंगे। गलत प्रविष्टियां पाए जाने पर 31 अक्टूबर 2025 तक सुधारना अनिवार्य होगा।कलेक्टर श्री कटारा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान खरीदी के लिए इस बार गिरदावरी का कार्य पूरी तरह ऑनलाइन किया जाएगा। जहां ऑनलाइन सर्वे संभव नहीं है, वहां ऑफलाइन सर्वे कर जानकारी को भुईंया ऐप में अद्यतन किया जाए। उन्होंने कहा कि त्रुटियों का सुधार केवल भौतिक सत्यापन के आधार पर ही किया जाएगा और सभी अधिकारी 15 अक्टूबर तक निर्धारित प्रविष्टियों का सत्यापन कार्य पूर्ण करें।कार्यक्रम में जिला खाद्य अधिकारी, पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# सुनीता नेताम ने रचा इतिहास, तीन खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर चयन, गांव में जश्न का माहौल



**कोंडागांव,27 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले का नाम रोशन करते हुए अनंतपुर की होनहार छात्रा सुनीता नेताम ने खेल जगत में इतिहास रच दिया है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अनंतपुर की कक्षा आठवीं में अध्ययनरत सुनीता ने हाल ही में जगदलपुर में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर तीन खेलों – 100 मीटर, 200 मीटर और 4म100 मीटर रिले रेस में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन सुनिश्चित किया।

## चार इवेंट्स में दिखाया दमखम

अंडर-14 वर्ग में बस्तर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए सुनिता ने 100 मीटर, 200 मीटर, लंबी कूद और रिले रेस में दमखम दिखाया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उन्होंने तीन इवेंट्स में प्रथम स्थान प्राप्त कर सीधे लखनऊ में होने वाले नेशनल गेम्स के लिए क्वालीफाई किया।उनकी इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय के पी.टी.आई. कुंजन लाल ठाकुर, शिक्षक चरण सिंह मरकाम और कन्या आश्रम अधीक्षिका खिलेश्वरी मरकाम का विशेष मार्गदर्शन रहा।

## गांव में उत्सव का माहौल

सुनिता की इस ऐतिहासिक सफलता पर पूरे गांव में जश्न का माहौल बन गया। घर लौटने पर उनका स्वागत परंपरागत अंदाज़ में बाजे-गाजे और मांदरी नृत्य के साथ किया गया। अटल चौक से विद्यालय तक भव्य रैली निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# युक्ति युक्तकरण से स्कूल में आए टीचर, अब अंग्रेजी से नहीं लगेगा डर



**कोरबा,27 सितंबर।** कोरबा जिले के वनांचल ग्राम कोरकोमा के मिडिल स्कूल में आसपास के अनेक गांव के विद्यार्थी इसी उम्मीद से पढ़ाई करने स्कूल आते हैं कि स्कूल में पढ़ लिखकर वे भी हिन्दी सीखेंगे, अंगेजी सीखेंगे, गणित का सवाल हल करना जानेंगे और यहां से आगे पढ़कर हाई स्कूल, हायर सकेण्डरी फिर कॉलेज की पढ़ाई करेंगे। बच्चों के साथ ही उनके माता-पिता की उम्मीदों से जुड़े इस स्कूल में आने वाले विद्यार्थियों को किताबें, भोजन तो मुफ्त में मिल जाती है, लेकिन पिछले कई साल से वे भी महसूस करते थे कि उनके स्कूल में अंग्रेजी विषय का शिक्षक नहीं है। दर्ज विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर पर्याप्त शिक्षक नहीं होने का खामियाजा उन्हें ही भुगतना पड़ता था। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के दिशा निर्देशन में युक्ति युक्तकरण से अतिशेष शिक्षको की पदस्थापना की गई तो मिडिल स्कूल कोरकोमा में पढ़ाई करने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों को भी अपना आगे का भविष्य सुनहरा लगने लगा।

कोरबा विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोरकोमा में युक्ति युक्तकरण से विद्यालय में शिक्षिका श्रीमती रामेश्वरी रत्नाकर पदस्थ हुई है। विद्यालय में कुल 319 विद्यार्थी अध्ययनरत है। शिक्षिका श्रीमती रामेश्वरी रत्नाकर ने बताया कि अन्य विद्यालय से आने के बाद वह यहां के विद्यार्थियों के साथ पूरी तरह से घुल मिल गई है। उन्होंने बताया कि वह विद्यालय में अंग्रेजी पढ़ाती है। स्कूल में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों में भी खुशी है कि उनके स्कूल में मैडम आ गई है और अंग्रेजी जैसी कठिन लगने वाली विषय को पढ़ा रही है। इस विद्यालय में पढ़ने वाले आने वाली कक्षा आठवीं की स्नेहा, राकेश, साहिल कक्षा छठवीं के विद्यार्थी समीर, सुनील, गुँजन ने बताया कि अंग्रेजी पढ़ाने वाली मैडम स्कूल में आ गई है, वह हमें अच्छे से पढ़ाती है और हमें जो समझ नहीं आता उसे भी ठीक से बताती है। अब हम लोग का कोई भी कालखंड खाली नहीं जाता। विद्यालय में पढ़ाई लगातार चलती रहती है। प्रधानपाठक श्री गोपाल प्रसाद साव ने बताया कि दर्ज संख्या के अनुसार यहाँ दो शिक्षको की कमी थी। शासन के युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया के उपरांत दो शिक्षकों की पदस्थापना विद्यालय में हुई है।

# हितग्राहियों को अब नहीं सताता बिजली बिल का डर



**रायपुर, 27 सितम्बर ।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एक ऐसी योजना जो उपभोक्ताओं को बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बना रही है और उन्हें महंगे बिजली बिल से राहत पहुंचा रही है। योजना के तहत बिलासपुर जिले के कृष्णा विहार कोनी निवासी श्रीमती सुधा मिश्रा ने अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाया है, उन्होंने छह किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया हैं जिससे उनकी बिजली बिल की लागत काफी कम होने से उनहे चिंता से मुक्ति मिल गई। उन्होंने इस महत्वपूर्ण योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार जताया है।

श्रीमती सुधा मिश्रा के पति उपेन्द्र मिश्रा ने बताया कि उनका संयुक्त परिवार है जहां बिजली की खपत काफी अधिक है जिससे बिजली बिल प्रतिमाह काफी अधिक आता था, जो आर्थिक बोझ की तरह था ऐसे में सूर्यघर योजना के विषय में जानकारी मिली और परिवार ने इसे अपनाने का निर्णय लिया। उन्होंने अपनी पति श्रीमती सुधा मिश्रा के नाम पर सोलर पैनल लगवाया, जिसकी लागत 3 लाख 50 हजार थी। उन्होंने बताया कि केंद्र की सब्सिडी 78 हजार रूपए उन्हें मिल चुकी है और जल्द ही राज्य की सब्सिडी भी उनके खाते में आने वाली है। अब परिवार को प्रतिमाह बिल के रूप में काफी कम भुगतान करना होता है। सोलर पैनल से हो रहे बिजली उत्पादन से अब उन्हें महंगे बिजली बिल से राहत मिल रही है और परिवार बिल की चिंता से मुक्त है। उन्होंने कहा कि यह एक किफायती योजना है जिसपर निवेश करके लंबे समय तक इसका लाभ लिया जा सकता है। इस महत्वपूर्ण योजना के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार जताया और लोगों से योजना का लाभ लेने की अपील की। श्रीमती मिश्रा ने बताया कि इस योजना के तहत केवल 1 बार निवेश करना है जिसके बाद 25 वर्षो तक बिजली की आपूर्ति होती रहेगी। जिसके लिए बैंक द्वारा कम ब्याज दर पर ऋण की भी सुविधा दी जाती है। इच्छुक उपभोक्ता को 6 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण हेतु बैंकों को जनसमर्थन पोर्टल द्वारा ऑनलाईन करना होता है।

## आदिवासी गांवों में बन रहा विलेज एक्शन प्लान

**रायपुर, 27 सितम्बर।** आदि सेवा पर्व (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025) के अंतर्गत बलरामपुर-रामानुजंगज जिले के सभी 421 आदिवासी बाहुल्य गांवों में विलेज एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। यह कार्य कलेक्टर के मार्गदर्शन तथा नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ के नेतृत्व में किया जा रहा है।बलरामपुर-रामानुजंगज के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि इस अभियान में आदि कर्मयोगी, आदि साथी और आदि सहयोगी गांव-गांव पहुंचकर भौतिक और सामाजिक मानचित्रण कर रहे हैं। इसमें गांव की सीमाएं, बस्तियां और जंगल, खेत, पानी के स्रोत जैसे प्राकृतिक संसाधन, आंगनबाड़ी, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, पुल सहित अन्य सार्वजनिक सुविधाएं और पंचायत, स्वयं सहायता समूह, महिला समितियां आदि संस्थागत ढांचे को चिन्हित किया जा रहा है।

# छात्रों की बात, जनप्रतिनिधि के साथ संस्कृति मंत्री ने की मेडिकल छात्रों से चर्चा



**रायपुर, 27 सितंबर ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने अंबिकापुर स्थित राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंह देव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित छात्रों की बात, जनप्रतिनिधि के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित होकर चिकित्सा छात्रों से सीधा संवाद किया। मंत्री से खुले संवाद कर विद्यार्थियों ने अपनी बातें साझा कीं और उनके सकारात्मक दृष्टिकोण और समाधान के आश्वासन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

इस अवसर पर छात्रों ने अपनी शैक्षणिक व बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी कई समस्याएँ एवं सुझाव मंत्री श्री अग्रवाल के समक्ष रखे। सामने आए मुद्दों में कॉलेज परिसर में शेड निर्माण की आवश्यकता, अध्ययन हेतु बेहतर संसाधन, तथा छात्र-हित से जुड़ी मूलभूत आवश्यकताओं पर प्रमुखता से चर्चा की गई। मंत्री श्री अग्रवाल ने सभी समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से सुना और कहा कि चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थी समाज के स्वास्थ्य तंत्र की मज़बूत रीढ़ हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि छात्रहित सर्वोपरि है और समाधान के लिए शीघ्र कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर छात्रों द्वारा उठाई गई शेड निर्माण की मांग पर श्री अग्रवाल ने कार्यक्रम के बाद तत्काल ही कॉलेज के डीन सहित अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों की आवश्यकता को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र कार्रवाई की जाए। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि मेडिकल की पढ़ाई कर रहे युवा कर रहे युवा ही भविष्य में प्रदेश व देश को स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। उनका उत्साह, जिज्ञासा और समर्पण ही उन्हें एक कुशल चिकित्सक बनाकर समाज सेवा हेतु तैयार करेगा।

## समाचार संक्षेप

### रायगढ़ जिले ने जल संचय जन भागीदारी अभियान में हासिल की राष्ट्रीय उपलब्धि

**रायपुर, 27 सितम्बर।** रायगढ़ जिले ने जल संचय जन भागीदारी अभियान में हासिल की राष्ट्रीय उपलब्धिरायगढ़ जिले ने जल संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए जल संचय जन भागीदारी 1.0 पुरस्कार के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर कैटेगरी-03 में 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्राप्त की है। यह उपलब्धि कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में मनरेगा टीम, तकनीकी सहायकों, महिला समूहों और ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता से संभव हुई। जिले में अमृत सरोवरों का निर्माण, वर्षा जल संचय और भूजल स्तर संवर्धन जैसे कार्य व्यापक जनसहयोग से संपन्न किए गए। सीईओ श्री जितेंद्र यादव ने कहा कि यह पुरस्कार प्रशासन और समुदाय के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि भविष्य में जल संरक्षण हेतु संरचनाओं का विस्तार और जन-जागरूकता कार्यक्रमों को और गति प्रदान की जाएगी।

### छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द पद के लिए दस्तावेज सत्यापन 29 और 30 सितम्बर को

**रायपुर, 27 सितम्बर ।** छत्तीसगढ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द के चयन हेतु 15 सितम्बर 2024 को आयोजित परीक्षा के परिणाम घोषित किए जाने के फलस्वरुप अभ्यर्थियों के वरीयता के क्रम में दस्तावेज सत्यापन के लिए अभ्यर्थियों की सूची विभाग के वेबसाइट https://tribal.cg.gov.in/ में अपलोड कर दी गई है। संबंधित अभ्यर्थी शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक अभिलेख 26 सितम्बर, 29 सितम्बर एवं 30 सितम्बर 2025 को प्रातः 10 बजे से सायं 6.30 बजे तक कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर, सामान्य स्थापना शाखा-5 में स्वयं उपस्थित होंगे और व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा का प्रवेश पत्र, व्यापम द्वारा जारी परीक्षा परिणाम की प्रति, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा की अंकसूची, मूल निवास प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण-पत्र, आरक्षित वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग का शपथ-पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों का आय-प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिक का सेवा प्रमाण-पत्र के प्रमाणीकरण के संबंध में शपथ पत्र, पासपोर्ट साइज का छायाचित्र (हाल का खीचा हुआ) सहित सभी अभ्यर्थी मूल दस्तावेज की 02 छायाप्रति स्व-प्रमाणित साथ लेकर उपस्थित होंगे।

### सरकारी योजना का लाभ लेकर बालोद के व्यवसायी बने उर्जा दाता

**रायपुर, 27 सितम्बर ।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है। इसका जीवंत उदाहरण बालोद के व्यवसायी श्री मनीष कोठारी हैं, जिन्होंने इस योजना का लाभ उठाकर न केवल घर बल्कि अपने व्यवसाय को भी ऊर्जा आत्मनिर्भर बना लिया है। कोठारी बालोद में कम्प्यूटर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान संचालित करते हैं, जहाँ रोज़ाना अधिक बिजली की खपत होती है। पहले हर महीने उन्हें 3 से 5 हजार रुपये तक का बिजली बिल चुकाना पड़ता था। लेकिन अब प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत घर की छत पर 05 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम स्थापित करने के बाद उनका बिजली बिल शून्य हो गया है। इस योजना से उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की ओर से 1 लाख 08 हजार रुपये की सब्सिडी भी प्राप्त हुई। योजना से मिली राहत पर खुशी जाहिर करते हुए श्री कोठारी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने हमें आर्थिक बोझ से मुक्त कर दिया है। अब हम उपभोक्ता नहीं, बल्कि ऊर्जा उत्पादक बन चुके हैं। यह शासन की दूरदर्शी सोच है, जो न सिर्फ हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए जिले के नागरिकों से अपील की कि वे भी इस योजना का लाभ उठाकर अपने घरों और व्यवसायों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएं। कोठारी का यह कदम न केवल बालोद, बल्कि पूरे प्रदेश के व्यापारियों और नागरिकों के लिए प्रेरणादायी मिसाल बन गया है। यह साबित करता है कि सरकार की योजनाएँ सीधे जनता तक पहुँचकर उनके जीवन स्तर को बेहतर बना रही हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ और किफायती ऊर्जा पहुँचाना है। छतों पर सौर पैनल स्थापित कर घर-घर बिजली उत्पादन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इससे न केवल बिजली बिल में भारी कमी आती है, बल्कि पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है।

एक नजर

## फाइनल से पहले टीम इंडिया में टेंशन, हार्दिक की होगी फिटनेस जांच



**दुबई, 27 सितंबर।** भारत और पाकिस्तान के बीच 28 सितंबर को एशिया कप 2025 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। एशिया कप के इतिहास में पहली बार दोनों टीमें फाइनल में एक-दूसरे का सामना करेंगी। भारतीय टीम लगातार 6 मैच जीतने के बाद फाइनल में उतरेगी। वहीं, पाकिस्तान के सामने पिछली 2 हार को भुलाकर खिताबी मुकाबले में पलटवार करने की चुनौती होगी। पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मुकाबले से पहले वैसे तो टीम इंडिया अच्छी लय में नजर आ रही है लेकिन कहीं ना कहीं भारतीय खेमें में फिटनेस की समस्या भी बनी हुई है। दरअसल, भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने खुलासा किया कि अभिषेक शर्मा और हार्दिक पांड्या दोनों ही क्रैम्प के कारण दुबई में श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मैच की दूसरी पारी के दौरान काफी देर तक मैदान से बाहर रहे। उन्होंने कहा कि अभिषेक की हालत ठीक लग रही है, लेकिन रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल से पहले 27 सितंबर को हार्दिक की जांच की जाएगी। दोनों को बस क्रैम्प की समस्या थी। बता दें, श्रीलंका की बल्लेबाजी के दौरान पांड्या पारी का पहला ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए।

# 4 फैक्टर्स तय करेंगे भारत और पाकिस्तान फाइनल का रिजल्ट

## भारत के ओपनर्स और पाकिस्तान के पेस गेंदबाज हो सकते हैं गेम चेंजर्स

**दुबई, 27 सितंबर।** भारत और पाकिस्तान 41 साल में पहली बार एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने होने जा रहे हैं। ग्रुप और सुपर-4 स्टेज में टीम इंडिया ने एकतरफा अंदाज में पाकिस्तान को हराया था। दोनों मैच दुबई में खेले गए, अब फाइनल भी दुबई में ही रविवार को होगा। फॉर्म और रिदम के लिहाज से टीम इंडिया इस समय पाकिस्तान से काफी आगे नजर आ रही है। हालांकि, पाकिस्तान की टीम में भी उत्साह और विश्वास की कमी नहीं होगी। भारत से दो मैच हारने के बावजूद पाकिस्तान ने अच्छी वापसी की और बांग्लादेश और श्रीलंका को हराकर फाइनल का टिकट हासिल कर लिया है।

तो फाइनल में किस टीम का पलड़ा भारी रह सकता है। यह जानने के लिए हमने टूर्नामेंट में अब तक हुए मैचों को एनालाइज किया। इस एनालिसिस में चार ऐसे फैक्टर्स सामने आए जो फाइनल मैच का नतीजा तय कर



सकते हैं। दुबई में पिच की निर्णायक भूमिका रही है।। यहां 2018 से दुनिया की टॉप-8 टीमों के बीच 20 टी-20 मैच हुए हैं। इनमें से 15 बार चेज करने वाली टीम जीती है। कप्तानों की सोच साफ होती थी कि टॉस जीतो, बॉलिंग चुनो और मैच जीतो। लेकिन पिछले तीन में से दो मैचों में पहले बैटिंग करने वाली टीम मुकाबला जीतने में सफल रही और एक मैच टाई रहा।

फाइनल में कप्तानों के सामने कनफ्यूजन रहेगा कि टॉस जीतकर बैटिंग चुनें या बॉलिंग। तो सबसे पहले यह देखना होगा कि फाइनल की पिच होती कैसी है? पिच इस बार भी बड़ा रोल प्ले करेगी और कप्तान का पहले बैटिंग या फील्डिंग का फैसला भी डिसाइडिंग फैक्टर हो सकता है। आगे देखिए दुबई का ओवरऑल रिकॉर्ड। भारत की ओपनिंग जोड़ी अपने दम पर पाकिस्तान से मैच छीनने का दम रखती है। अभिषेक शर्मा बेहतरीन फॉर्म में हैं और सुपर-4 स्टेज में लगातार 3 फिफ्टी लगा चुके हैं। वे टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर हैं और 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं।

अभिषेक एक एंड पर तेजी से रन बनाते हैं, वहीं दूसरे एंड पर शुभमन गिल संभलकर पारी आगे बढ़ाते हैं। वे टिककर रन बनाते हैं। दोनों पाकिस्तान के खिलाफ सेंचुरी पार्टनरशिप भी कर चुके हैं। एशिया कप के 6 मुकाबलों में दोनों ने 45 से ज्यादा की औसत से 273 रन जोड़े हैं। दोनों फाइनल में टिक गए तो पावरप्ले में ही स्कोर तेजी से 80 के करीब पहुंचा देंगे। दुबई की लो-स्कोरिंग पिच को देखते हुए यह स्कोर टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है।

शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफके रूप में पाकिस्तान के पास 2 मजबूत तेज गेंदबाज हैं। दोनों के नाम टूर्नामेंट में 9-9 विकेट हैं। हारिस ने 4 ही मैच में इतने विकेट झटक लिए, वहीं शाहीन ने 6 मुकाबले खेले हैं। शाहीन नई गेंद से पारी की शुरुआत करते हैं और ओपनिंग बैटर्स को आउट कर विपक्षी टीम पर दबाव बनाते हैं। दूसरी ओर रऊफमिडिल और डेथ ओवर्स में अपनी पेस और बाउंस से बल्लेबाजों को परेशान करते हैं। हारिस तो भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव को 3 टी-20 में 3 बार आउट भी कर चुके हैं। पाकिस्तान को मैच में पकड़ बनानी है तो दोनों पेसर्स का चलना बेहद जरूरी है।

भारत का स्पिन डिपार्टमेंट भी पाकिस्तान के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है। कुलदीप यादव 6 ही मुकाबलों में 12 विकेट लेकर टूर्नामेंट के टॉप बॉलर हैं। वहीं वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने 4-4 विकेट लिए हैं। दोनों की इकोनॉमी 6.20 से कम ही रहती है।

कुलदीप पाकिस्तान के खिलाफ हर मुकाबले में एक न एक विकेट तो जरूर लेते हैं। वे मौजूदा टूर्नामेंट में भी टीम के खिलाफ 4 विकेट ले चुके हैं। पाकिस्तानी बैटर्स को कुलदीप और वरुण की स्पिन समझने में बहुत परेशानी हुई है। स्पिनर्स के अलावा जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन भी फाइनल के नतीजे को भारत की ओर मोड़ सकता है।

## भारत ने सुपर ओवर में श्रीलंका को हराया

### अर्शदीप ने महज 2 रन दिए, टी-20 एशिया कप में पहली बार मैच टाई हुआ



**दुबई, 27 सितंबर।** भारत ने एशिया कप 2025 में अपना अजेय अभियान जारी रखा है। टीम ने आखिरी सुपर-4 मैच में श्रीलंका को सुपर ओवर में हराया। इसमें भारत को 3 रन का टारगेट मिला था, जिसे भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली गेंद में हासिल कर लिया।

शुक्रवार रात को भारतीय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 202 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम ने भी 20 ओवर में 5 विकेट पर 202 रन बनाए। ऐसे में फैसला सुपर ओवर में हुआ।

दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में 203 रन का टारगेट चेज कर रही श्रीलंकाई टीम से पथुम निसांका ने 58 बॉल पर 107 रन की पारी खेली। उन्होंने कुसल परेरा (58 रन) के साथ 127 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी ने मैच टाई कराया। इससे पहले भारतीय टीम ने मौजूदा एशिया कप में पहली बार 200 रन से ज्यादा का स्कोर बनाया था। ओपनर अभिषेक शर्मा ने 31 बॉल पर 61 रन बनाए। तिलक वर्मा ने नाबाद 49 रन की पारी खेली। संजू सैमसन ने 39 और अक्षर पटेल ने नाबाद 21 रन बनाए। श्रीलंका के 5 गेंदबाजों को एक-एक विकेट मिला। इनमें महीश तीक्षणा, दुष्मंथा चमीरा, वानिंदू हसरंगा, दसुन शनाका और चरिथ असलंका शामिल रहे। मैच का स्कोरबोर्ड

पथुम निसांका ने 18वीं बार 50 प्लस स्कोर बनाया है। वे श्रीलंका की ओर से सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने के मामले में कुसल मेंडिस (17 बॉल) को पीछे छोड़ा।

पथुम निसांका (107 रन) ने टी-20 क्रिकेट में श्रीलंका की ओर से सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर बनाया है। उन्होंने तिलकरत्ने दिलशान (104 रन) को पीछे छोड़ा।

टी-20 एशिया कप में पहली बार कोई मैच टाई हुआ है, इसे सुपर ओवर में भारत ने जीता। टी-20 एशिया कप का पहला आयोजन 2016 में हुआ था।

श्रीलंकाई ओपनर पथुम निसांका प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने 7 रन पर कुसल मेंडिस (शून्य) का विकेट गंवाने के बाद श्रीलंकाई पारी को संभाला। निसांका ने कुसल परेरा के साथ दूसरे विकेट के लिए 127 रनों की साझेदारी की। लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। वे 20वें ओवर की पहली बॉल पर आउट हुए।

# सूर्यकुमार यादव पर आईसीसी ने लगाया जुर्माना

**दुबई, 27 सितंबर।** भारत और पाकिस्तान के बीच 28 सितंबर को फाइनल मुकाबला खेला जाना है। इससे पहले भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को आईसीसी ने कड़ी सजा सुनाई है। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने सामने आई थीं, तब जो कुछ हुआ था, उसके बाद आईसीसी ने पूरे मामले की सुनवाई की और सूर्यकुमार यादव को दोषी माना गया है। खबर है कि सूर्यकुमार यादव पर मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना लगाया या है।



एशिया कप में इस साल अब तक भारत और पाकिस्तान के बीच दो मैच हो चुके हैं। दोनों मैचों में भारत ने पाकिस्तान को बुरी तरह से पीटने का काम किया है। पहला मुकाबला लीग चरण का था, जो दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच को एकतरफा अंदाज में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था। इस मैच के खत्म होने के बाद भारतीय टीम ने पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाया था। वहीं जब मैच के बाद सूर्या ने मीडिया से बात की तो उन्होंने भारतीय सेना के साथ खड़े होने की बात की थी। इसी को लेकर सूर्या की शिकायत की गई थी। अब से कुछ ही देर पहले आईसीसी ने इस मामले की सुनवाई की और सूर्या को दोषी माना है।

आपको याद दिला दें कि जब भारत और पाकिस्तान की टीमें 14 सितंबर को एशिया कप के पहले मैच में आमने सामने आई थीं, तब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के वक्त पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। वहीं मैच के बाद भी भारतीय खिलाड़ियों जीत के साथ ही सीधे अपने ड्रेसिंग रूम में चले गए थे। पीसी में जब इस बारे में सूर्या से पूछा गया कि क्या उन्होंने खेल भावना का उल्लंघन किया, तो सूर्या का जवाब था कि खेल भावना से बढ़कर भी बहुत कुछ होता है। सूर्या ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा था कि वे पहलगाम आतंकी हमले के सभी पीड़ितों के साथ खड़े हैं और इसे ऑपरेशन सिंदूर में हिस्सा लेने वाले सशस्त्र बलों को समर्पित करते हैं।

इस बीच खबर ये भी है कि सूर्यकुमार यादव ने इस सजा के खिलाफ अपील भी की है। यानी हो सकता है कि पूरे मामले को लेकर फिर से सुनवाई हो और उसके बाद जो भी फैसला होगा, उसे माना जाएगा। इस बीच एशिया कप फाइनल से पहले भारत और श्रीलंका की टीमें अब से कुछ ही देर बाद दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आमने सामने होने जा रही हैं। इसके बाद 28 सितंबर को फिर से भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का फाइनल खेला जाएगा।

# वैभव सूर्यवंशी ने 14 साल की उम्र में तोड़ा बाबर आजम का रिकॉर्ड

## अब इतिहास रचने पर हैं निगाहें

**नई दिल्ली, 27 सितंबर।** टीम इंडिया के 'नन्हे शहजादे' वैभव सूर्यवंशी मैदान पर उतरते नहीं कि कोई ना कोई रिकॉर्ड टूट जाता है। फिलहाल वैभव ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं भारतीय अंडर-19 टीम तीन मैच की वनडे और दो मैच की टेस्ट सीरीज खेलने गई है। वनडे सीरीज में इंडिया अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम का 3-0 से सूपड़ा साफ किया। वैभव सूर्यवंशी ने इस दौरान 124 रन बनाए, हालांकि वह तीसरे मैच में ज्यादा कुछ कमाल नहीं कर पाए और 20 गेंदों पर 16 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि इसके बावजूद वह पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम का रिकॉर्ड तोड़ने में कामयाब रहे।

जी हां, यह रिकॉर्ड है यूथ वनडे में 16 या उससे कम की उम्र में



सबसे ज्यादा रन बनाने का। वैभव सूर्यवंशी 556 रनों के साथ बाबर आजम का रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं और फिलहाल वह लिस्ट में दूसरे पायदान पर हैं। अब उनकी नजरें पाकिस्तान के ही हसन रजा का रिकॉर्ड तोड़ इतिहास रचने पर होगी।

वैभव सूर्यवंशी ने हाल ही में यूथ वनडे में सबसे अधिक छक्के का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया था। यह रिकॉर्ड इससे पहले भारत के ही उनमुक्त चंद के नाम था जिन्होंने 38 छक्के जड़े थे, वह अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत के कप्तान भी रह चुके हैं। मगर अब 43 छक्कों के साथ वैभव पहले पायदान पर पहुंच गए हैं। वैभव सूर्यवंशी के यूथ वनडे करियर की बात करें तो अभी तक खेली 11 पारियों में उन्होंने यह 556 रन 50.54 की औसत और 151.91 के शानदार स्ट्राइक रेट के साथ बनाए हैं। अभी तो उनके करियर का आगाज हुआ है, जिस तरह वह खेल रहे हैं उसे देखकर लगता है कि वह यूथ क्रिकेट में सभी रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।

## व्यापार

# रूस से तेल खरीदने पर कोई पाबंदी नहीं : हरदीप सिंह पुरी

**नई दिल्ली, 27 सितंबर।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि रूस से कच्चे तेल की खरीद पर कोई प्रतिबंध नहीं है और आपूर्ति बाधित होने पर दुनिया को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। ईरान और वेनेजुएला का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के एक जिम्मेदार सदस्य के रूप में हमेशा पाबंदियों का अनुपालन किया है। अमेरिका के भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ के अलावा रूस से कच्चा तेल और हथियार खरीदने पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाने के संदर्भ में मंत्री ने ये बात कही।

अमेरिका और भारत के बीच व्यापार नीतियों पर जारी महत्वपूर्ण बातचीत के बीच मीडिया के साथ बातचीत में पुरी ने कहा कि रूस हर दिन करीब एक करोड़ बैरल के



साथ विश्व स्तर पर कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। उन्होंने आगाह किया कि अगर आपूर्ति बाधित होती है तो विश्व को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पुरी ने कहा, '' ऊर्जा एक ऐसी चीज है जिसके बिना आप नहीं रह सकते। अगर आप दूसरे सबसे बड़े उत्पादक को हटा देंगे तो आपको खपत में कटौती करनी होगी। इसके परिणाम बेहद गंभीर होंगे।''

केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि यही कारण है कि दुनिया रूसी तेल पर प्रतिबंध नहीं लगा रही है। पुरी ने कहा कि रूस से तेल खरीद की मूल्य सीमाएं तय की गई हैं और जब भी ऐसी कोई बात होती है तो वह भारतीय कंपनियों से कम कीमतों पर तेल खरीदने का अनुरोध करते हैं।

उन्होंने कहा कि तुर्किये, जापान और यूरोपीय संघ सहित कई देश रूस से तेल खरीदते हैं। पुरी ने इसके साथ ही तुरंत कहा कि इस समय रूस द्वारा दी जा रही छूट बहुत ज्यादा नहीं है। मंत्री ने कहा कि तेल की मांग एवं आपूर्ति के बीच व्यापक संतुलन आवश्यक है। उन्हें उम्मीद है कि आगे भी कच्चे तेल की कीमत 65-68 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के बीच बनी रहेगा।

कच्चा तेल खरीदने के लिए कंपनियां स्वतंत्र

पुरी ने कहा कि ये शेल गैस पर जोर देने वाले प्रमुख तेल उत्पादक देश अमेरिका के हित में है कि वह सुनिश्चित करे कि जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोल) की कीमतों में बहुत ज्यादा गिरावट न आए। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति को बढ़ावा देने के प्रति संवेदनशील अस्थिर घरेलू राजनीतिक माहौल तथा शेल गैस पर निर्भरता के कारण अमेरिका के लिए ये सुनिश्चित करना जरूरी हो गया है कि कीमतें कम न हों। पुरी ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां स्वतंत्र रूप से ये निर्णय लेती हैं कि वे रिफाइनिंग के लिए किस स्रोत से कच्चा तेल खरीदेंगी। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों के पास पेशेवर प्रबंधन और निदेशक मंडल भी हैं।

## आरबीआई ने मृत बैंक ग्राहक से जुड़े क्लेम सेटलमेंट के नियमों में किया बदलाव

**नई दिल्ली, 27 सितंबर।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकों के मृत ग्राहकों के खातों और लॉकर से जुड़े क्लेम का 15 दिनों के अंदर सेटलमेंट करने के लिए सुधारों के साथ नए मानदंड जारी किए हैं। भारती रिजर्व बैंक ने कहा कि सेटलमेंट में देरी होने पर नॉमिनी यानी नामित व्यक्तियों को मुआवजा देने का प्रावधान किया गया है। यानी, अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके नॉमिनी को तय समय के अंदर क्लेम नहीं मिला तो बैंकों को अलग से मुआवजा भी देना होगा। नए निर्देशों का उद्देश्य मृत ग्राहकों से संबंधित क्लेम के सेटलमेंट में बैंकों की गतिविधियों को आसान बनाना है। नए नियमों में कस्टमर सर्विस की क्वालिटी में सुधार लाने के लिए डॉक्यूमेंटेशन को भी स्टैंडर्डाइज्ड किया गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा, ''भारतीय रिजर्व बैंक (बैंकों के मृत ग्राहकों के संबंध में क्लेम सेटलमेंट) निर्देश, 2025' के नए निर्देशों को जितना संभव हो, जल्द से जल्द लागू किया जाएगा। इसे 31 मार्च, 2026 तक लागू करना होगा।'' ये निर्देश मृत ग्राहक के डिपॉजिट अकाउंट, सेफ डिपॉजिट लॉकर और मृत ग्राहक के सुरक्षित अभिरक्षा में रखी गई वस्तुओं के क्लेम सेटलमेंट से जुड़ा हुआ है। आरबीआई ने कहा कि ऐसे डिपॉजिट अकाउंट, जहां मृत ग्राहक ने किसी को नॉमिनी बनाया हुआ हो, वहां ग्राहक की मृत्यु के बाद नॉमिनी को बकाया राशि का भुगतान बैंक की देयता से वैध 'डिस्चार्ज' माना जाएगा।

भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया कि जिन बैंक खातों में किसी को नॉमिनी न बनाया गया हो, वहां बैंकों को क्लेम सेटलमेंट के लिए एक आसान प्रोसेस अपनाने के लिए कहा गया है, जहां कुल देय राशि तय सीमा से कम है। ये सीमा सहकारी बैंकों के मामले में 5 लाख रुपये और अन्य बैंकों के मामले में 15 लाख रुपये है।

## पोको का शानदार फेस्टिव ऑफर

**मुंबई, 27 सितंबर।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको इंडिया अपने 'पोको फेस्टिव मैडनेस' कैंपेन के साथ त्योहारों की खुशियां बढ़ाने के लिए तैयार है। कंपनी फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज़ सेल के दौरान अपनी X, F, M & C सीरीज के आधुनिक स्मार्टफोन्स अविश्वसनीय कीमतों में पेश कर रही है।

पोको पहले कभी ना देखे गए बेबेहतरीन इनोवेशन के साथ, भारत भर के टेक उत्साही लोगों के लिए इस त्योहारी सीजन को वास्तव में खास बना देगा। ग्राहक पोको के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन्स पर ब्लॉकबस्टर डील्स प्राप्त कर सकते हैं।


**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. गृह निर्माण मंडल संभाग जगदलपुर द्वारा भाड़ाक्रय आधार पर पुराना अघनपुर जगदलपुर में सामान्य आवास योजनान्तर्गत निर्माणाधीन भवनो में एम. आई. जी. आई-05 जो कि **श्री एस. एन. रहमान पिता- श्री एस.एम रहमान** को संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मंडल संभाग जगदलपुर के पत्र क्र. 52 दिनांक 19/01/2000 द्वारा आबंटित है।

मुल आबंटित **श्री एस. एन. रहमान पिता- श्री एस.एम रहमान** का स्वर्गवास दिनांक 05/02/2000 को हो गया है। उनके मृत्यु उपरान्त भवन उनकी पुत्री **श्रीमती शबनम ज़हिर पति स्व. श्री एस. जहीरूद्दीन** द्वारा सभी सदस्यों से सहमति पत्र नोटरी से सत्यापित कराकर भवन के स्वामित्व परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के आधार पर उनके नाम से नामांतरित किया जाना प्रस्तावित है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था को नामान्तरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् प्राप्त मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र-जगदलपुर**


## प्योर ईवी ने दुर्ग में रखा कदम

**दुर्ग, 27 सितंबर।** भारत के अग्रणी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर निर्माताओं में से एक, प्योर ईवी ने दुर्ग में अपने नवीनतम शोरूम का भव्य उद्घाटन किया है। यह रणनीतिक विस्तार मध्य-पूर्व भारत में प्योर की उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस शोरूम का उद्घाटन छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री (शिक्षा मंत्री) श्री गजेन्द्र यादव द्वारा किया गया। शॉप नं. 03, पोटिया रोड, शुभम के. मार्ट, दुर्ग, छत्तीसगढ़ में स्थित इस शोरूम में प्योर ईवी के अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की संपूर्ण रेंज प्रदर्शित की जाएगी, जिसमें लोकप्रिय ईप्लूटो 7जी मैक्स और ईट्रिस्ट एक्स भी शामिल हैं। प्योर ईवी का उद्देश्य दुर्ग के लोगों को बेहतरीन इलेक्ट्रिक राइडिंग अनुभव प्रदान करना है।

अपनी अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक स्कूटर और मोटरसाइकिल के साथ, नया शोरूम अपनी ऊर्जा भंडारण उत्पाद श्रृंखला- प्योरपॉवर को भी प्रदर्शित करेगा, जिससे घरों और व्यवसायों को स्वच्छ ऊर्जा के प्रति सुदृढ़ता मिलेगी।

यह शोरूम लॉन्च प्योर ईवी की तेज तथा कुशल विस्तार रणनीति का प्रमाण है, जिसका लक्ष्य पूरे भारत में अपने नेटवर्क को तेजी से बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को सुलभ बनाना है।

स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण पर फोकस करते हुए, प्योर ईवी नवाचार को बढ़ावा देने और उपभोक्ताओं को सतत विकल्प अपनाने में सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह विस्तार प्योर की व्यापक योजना का हिस्सा है

## एचडीएफसी बैंक की दुबई ब्रांच को मिला नोटिस, नए ग्राहकों को जोड़ने पर लगा बैन

**नई दिल्ली, 27 सितंबर।** भारत के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक- HDFC Bank ने शेयर बाजार को एक सूचना दी है। बैंक ने इस सूचना में शेयर बाजार एक्सचेंजों को बताया कि दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर स्थित उनकी ब्रांच को दुबई फाइनेंशियल सर्विसेज अथॉरिटी से एक नोटिस मिला है। छस्न्न्न नोटिस के मुताबिक, एचडीएफसी बैंक की डीआईएफसी ब्रांच को नए ग्राहकों को किसी भी तरह की फाइनेंशियल सर्विस देने से बैन कर दिया गया है, जिसमें फाइनेंशियल प्रॉडक्ट्स पर सलाह देना, इंवेस्टमेंट डील की व्यवस्था करना, क्रेडिट की व्यवस्था करना और कस्टडी सेवाएं देना शामिल है। इसके साथ ही, ब्रांच को नए ग्राहकों के लिए फाइनेंशियल प्रोमोशन भी नहीं कर पाएगी। एचडीएफसी बैंक ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि ये प्रतिबंध मौजूदा ग्राहकों या उन ग्राहकों पर लागू नहीं होंगे, जिन्हें पहले वित्तीय सेवाएं प्रदान की गई थीं या सेवाएं दी जा रही हैं।

डीएफएसए का ये आदेश तब तक प्रभावी रहेगा जब तक इसे लिखित रूप में संशोधित या रद्द नहीं कर दिया जाता है। दरअसल, डीएफएसए ने एचडीएफसी बैंक की डीआईएफसी ब्रांच द्वारा पूरी तरह से शामिल नहीं किए गए ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सेवाओं के संबंध में चलने वाले प्रोसेस और इसकी ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया से जुड़ी समस्याओं पर चिंता व्यक्त की थी। एचडीएफसी बैंक ने साफकिया है कि डीआईएफसी ब्रांच का संचालन उसके ओवरऑल बिजनेस और फाइनेंशियल कंडीशन के लिए बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/687/लो.नि.वि./न.पा./2025-26 तिल्दा-नेवरा, दिनांक 26.09.2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार श्रेणी 'C' या इससे अधिक सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र फार्म A में प्रतिशत दर (अधिक/कम) पर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा राशि (लाख में) | अमानत राशि (रुपये में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत सूखे एवं गीले कचरे के प्रबंधन हेतु संयंत्रों की स्थापना तथा स्थापित संयंत्रों के उन्नयन/विकास कार्य (सिस्टम टेंडर नं. 176439) | 107.01 | 80200.00 | अंतिम तिथि 21.10.2025 फिजिकल जमा तिथि 27.10.2025 बिड खोले जाने की तिथि 27.10.2025 ऑन लाईन प्रि बिड तिथि 30.09.2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

# पंचमी पर पंडालों में भक्तों ने किया माता का श्रृंगार





**रायपुर, 27 सितम्बर।** चौबे कॉलोनी में विराजित मां दुर्गा के पंडाल में हर्षोल्लास के साथ पंचमी मनाया गया। दशकों से सर्व धर्म संभव के रूप में मां दुर्गा को विराजित किया किया जाता है।

दशकों से इस दुर्गा समिति में रुक्कू खान ही अध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहते है। जिसकी पूरी कालोनियों में प्रशंसा किया जाता है। चौबे कॉलोनी दुर्गा समिति दशकों से धार्मिक पर्व मनाते आ रहे है।

समिति के युवा और मां दुर्गा की भक्ति में समर्पित धनंजय तिवारी ने आज बताया कि चौबे कॉलोनी दुर्गा समिति की गठन एक दशक पहले किया गया है। जिसका अध्यक्ष रुक्कू खान को ही बनाया जाता है और रुक्कू खान अपनी कार्य पूरे भक्ति भाव से करते आ रहे है टिक्कू खान मां दुर्गा की आरती में भी समिति के सदस्यों के साथ प्रतिदिन भाग लेते है। आगे धनंजय तिवारी ने बताया कि हमारे समितियों के द्वारा हर धार्मिक कार्यो को प्रति वर्ष मानते आ रहे है।

हमारे समिति द्वारा गणेश उत्सव के समय गणेश जी भी स्थापना किया जाता है और दिवाली के समय गौरी गौर विसर्जन में भी हर्ष उल्लास से दशकों से भाग लेते आ रहे है। इस समिति की एक विशेषता ये है कि हर सामाजिक पर्व जैसे गणेश उत्सव और दीपावली के गौरी गौर विसर्जन में समिति के अध्यक्ष रुक्कू खान को ही बनाया जाता है जिसे रुक्कू खान भी हर्ष उल्लास के साथ स्वीकार करते आ रहे है।

# बर्खास्त बीएड शिक्षकों के समायोजन के खिलाफ दायर याचिका खारिज

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के फैसले को ठहराया सही, कहा- यह निर्णय अवैध व मनमाना नहीं

**बिलासपुर, 27 सितम्बर।** हाईकोर्ट ने 2,621 बर्खास्त बीएड योग्य सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक (विज्ञान/लैबोरेटरी) पद पर समायोजित करने के राज्य सरकार के फैसले को सही ठहराया है. मामले में जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने कहा, कि यह निर्णय न तो अवैध है और न ही मनमाना.



बता दें कि जांजगीर चांपा निवासी संजय कुमार और मुंगेली निवासी विजय कश्यप ने अप्रैल 2025 में लिए गए सरकार के निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी . याचिका में कहा था कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के तहत सहायक शिक्षक के पूरे पद सीधी भर्ती से भरे जाने हैं,लेकिन सरकार ने इन पदों पर बर्खास्त शिक्षकों को समायोजित कर नियमों का उल्लंघन किया है. सरकार की ओर से तर्क दिया गया कि 4422 रिक्त पदों में से 2621 बर्खास्त शिक्षकों को समायोजित किया,जो अप्रैल 2024 में हाईकोर्ट के आदेश से बर्खास्त हुए थे . ये तमाम शिक्षक बीएड धारक थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद डीएड योग्यता जरूरी होने से उनकी सेवाएं समाप्त हुई .

सभी दलीलों को सुनने के बाद हाई कोर्ट ने माना कि सरकार का यह कदम नियमों के अनुरूप है और इसमें कोई मनमानी नहीं है. इसलिए याचिका को खारिज कर राज्य सरकार के समायोजन फैसले को बरकरार रखा गया.

## एक नजर

### साय कैबिनेट की बैठक 30 को

रायपुर, 27 सितम्बर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 30 सितंबर को अपरान्ह साढ़े तीन बजे से मंत्रालय (महानदी भवन) में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक होगी. बैठक में निवर्तमान मुख्य सचिव अमिताभ जैन को विदाई दी जाएगी. वहीं, नवनियुक्त मुख्य सचिव विकास शील का स्वागत किया जाएगा. राज्य के निर्माण के बाद यह दूसरा मौका होगा, जब किसी निवर्तमान मुख्य सचिव को कैबिनेट में विदाई दी जाएगी. इससे पहले पूर्व मुख्य सचिव सुनील कुमार को फरवरी 2014 में कैबिनेट द्वारा विदाई दी गई थी. वहीं, 30 सितंबर को कैबिनेट की बैठक में कुछ अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए जा सकते हैं. गौरतलब है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1994 बैच के अधिकारी विकास शील छत्तीसगढ़ के नए मुख्य सचिव बनाए गए हैं. वे 30 सितंबर को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद मंत्रालय (महानदी भवन) में राज्य के 13वें मुख्य सचिव के रूप में पदभार संभालेंगे और मुख्य सचिव अमिताभ जैन की जगह लेंगे. विकास शील का रिटायरमेंट जून 2029 में है. पांच वरिष्ठ आईएएस अफसरों को सुपरसीड कर विकासशील को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है.

### गोदावरी इस्पात हादसे पर पीसीसी अध्यक्ष ने की जांच व मुआवजे की मांग

रायपुर, 27 सितबंर। इस्पात गोदावरी हादसे में जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, मैं उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। ईश्वर उनके परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें। जो घायल हुए हैं, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।इस दुखद घटना के प्रथम दृष्टिकोण में गंभीर लापरवाही सामने आई है। ऐसा प्रतीत होता है कि इंडस्ट्रियल सेफ्टी एक्ट के नियमों का पालन नहीं किया गया, जो अत्यंत चिंताजनक है। कंपनी प्रबंधन की ज़िम्मेदारी तो बनती ही है, साथ ही उद्योग और श्रम विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठते हैं। यह ज़रूरी है कि इन विभागों की सक्रियता और निरीक्षण प्रणाली की गंभीरता से समीक्षा की जाए।मैं मांग करता हूँ कि मृतकों के परिजनों को कम से कम 1 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए और घायलों का समुचित इलाज कराते हुए उन्हें 50 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।साथ ही, इस हादसे की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए और जो भी दोषी पाए जाएं, उन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जिसमें एफआईआर भी दर्ज की जाए। इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए मजबूत कदम उठाए जाने चाहिए।

### जवाहर नगर मंडल में सेवा पखवाड़ा पर कार्यशाला 28 को

रायपुर 27 सितंबर। जवाहर नगर मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा 2025 आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत जवाहर नगर मंडल की एक कार्यशाला का आयोजन दिनांक 28 सितंबर रविवार को शाम 4 बजे तात्यापारा वार्ड 36 स्थित श्री दुलार धर्मशाला बढ़ई पारा में किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर विधान सभा के विधायक पुरंदर मिश्रा,मुख्यवक्ता के रूप में श्री चंद सुंदरानी जी,वक्ता श्री तुषार चोपड़ा जी,श्री सतीश छूगनी जी तात्यापारा वार्ड की पार्षद एवं जोन 7 की अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा जी,इंदिरा गांधी वार्ड के पार्षद श्री अवतार सिंह बागल जी मंडल प्रभारी के साथ प्रदेश,जिले,मंडल,वार्ड के पदाधिकारीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। आत्मा निर्भर भारत की कार्यशाला के संबंध में जवाहर नगर मंडल के अध्यक्ष संदीप जंघेल ने बताया कि यह कार्यशाला लोगों को समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने और आत्मनिर्भरता की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करेगी।

## रायपुर में रातभर बारिश, 18 जिलों में अलर्ट, अब तक 1133 मिमी वर्षा

# बिलासपुर में 3 पर बिजली गिरी, 1 की मौत, दो दिन और खराब रहेगा मौसम

**रायपुर, 27 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में आज 18 जिलों में यलो अलर्ट जारी है। रायपुर में रातभर बारिश हुई और सुबह से रुक-रुक कर बौछारें पड़ीं। पिछले 24 घंटे में राज्य के अधिकांश संभागों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जिसमें बीजापुर में सबसे ज्यादा 56 मिमी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने एटमॉस्फेरिक सर्कुलेशन के कारण अगले दो दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा।

यलो अलर्ट वाले जिलों में रायपुर, सरगुजा, जीपीएम, कोरबा, धमतरी, कोंडागांव, गरियाबंद, बीजापुर और बस्तर शामिल हैं, जहां गरज-चमक के साथ बिजली गिरने और आंधी चलने की संभावना है।

इसी बीच, बिलासपुर के तखतपुर क्षेत्र में एक परिवार के तीन लोग बिजली गिरने से प्रभावित हुए। एक की मौत हो गई जबकि दो झुलस गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए सिम्स अस्पताल रेफर किया गया है, उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

**बलराम में सबसे ज्यादा बारिश,**



**बेमेतरा में सबसे कम :** प्रदेश में अब तक 1133.5 मिमी बारिश हुई है। बेमेतरा जिले में अब तक 512 मिमी पानी बरसा है, जो सामान्य से 50% कम है। अन्य जिलों जैसे बस्तर, राजनांदगांव, रायगढ़ में वर्षा सामान्य के आसपास हुई है। जबकि बलरामपुर में 1499.2 मिमी पानी गिरा है, जो सामान्य से 52% ज्यादा है।

### मानसून की विदाई से पहले जमकर हो रही बरसात

पिछले 24 घंटों में सभी संभागों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई. सबसे ज्यादा बारिश बीजापुर जिले में 56 मिमी वर्षा दर्ज की गई. वहीं सबसे ज्यादा तापमान दुर्ग में 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई. रायपुर में आज सुबह हल्की बारिश हुई है. मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के कारण दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी बारिश की संभावना जताई है. बस्तर संभाग और उससे जिले प्रभावित होंगे. इन इलाकों में आज और कल भारी से अति भारी वर्षा हो सकती है. बीजापुर में 6 सेमी, दंतेवाड़ा, बड़े बचेली और गीदम में 5 सेमी, भोपालपटनम, बास्तानार और अम्बागढ़ चौकी में 4 सेमी वर्षा दर्ज की गई. वहीं गंगालूर और पाली में 3 सेमी, जबकि बड़ेराजपुर, पखांजूर, रतनपुर, बारसूर, दरभा, दोरनापाल, पटना, अजगरबहार, कुमरदा और भैरमगढ़ में 2 सेमी वर्षा दर्ज हुई. इसके अलावा कई अन्य स्थानों पर इससे कम वर्षा रिकार्ड की गई. मौसम विभाग ने कई जिलों में अलर्ट जारी किया है. बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली और अचानक तेज हवा (30-40 KMPH) के साथ मध्यम वर्षा की संभावना है।

# रायपुर में हेरोइन बेचने पहुंचा इंजीनियर पकड़ाया

**रायपुर, 27 सितम्बर।** राजधानी में हेरोइन-ड्रग्स सप्लाई करने वाले युवकों पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। शुक्रवार (26 सितंबर) को टिकरापारा इलाके में एक इंजीनियर और उसका साथी हेरोइन बेचने पहुंचे थे। दोनों कस्टमर की तलाश कर ही रहे थे कि पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि, आरोपियों ने भिलाई के रहने वाले शादाब नाम के युवक से हेरोइन लिया और उसे रायपुर में बेचने की तैयारी थी।

उनके कब्जे से 9.22 ग्राम चिट्टा और गाड़ी पुलिस ने जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 90 हजार बताई जा रही है। इस सिंडिकेट से जुड़े अन्य युवकों की तलाश पुलिस कर रही है।

**हेरोइन जब्त कर न्यायिक हिरासत में भेजा जेल:** आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में अपना नाम जागृत साहू और सत्यम सिंग बताया है। जागृत धमतरी के श्रीनगर कॉलोनी का और सत्यम रायपुर के श्री जी वैशाली कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपियों से पुलिस ने हेरोइन जब्त करके न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। आरोपियों पर कार्रवाई करने की पुष्टि सीएसपी पुरानी बस्ती राजेश देवांगन ने की है। इन आरोपियों से करोड़ों की ड्रग्स, मोबाइल और गाड़ियां पुलिस ने जब्त की है।



- **भिलाई के युवक से खरीदे, टिकरापारा में डिलीवरी देने गया था**

### अब तक 40 से ज्यादा कार्रवाई

रायपुर पुलिस ने बीते दो महीने में अभियान चलाकर नशीली सामग्री बेचने वाले आरोपियों पर पांच अलग-अलग थाना क्षेत्र में कार्रवाई की है। पुलिस की कार्रवाई में 40 से ज्यादा आरोपी हत्थे चढ़े है। इन आरोपियों में युवतियां भी शामिल है।

## बिजली संकट गहराया, कटौती, लो वोल्टेज बनी मुसीबत

# राजधानी में हर कॉलोनी का बुरा हाल प्रोफेसर कॉलोनी के लोग भी परेशान

**रायपुर, 27 सितंबर।** राजधानी रायपुर सहित प्रोफेसर कॉलोनी, सेक्टर 3 के निवासी इन दिनों बिजली व्यवस्था को लेकर गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। थोड़ी सी बारिश और हवा के झोंके से डीअरे उड़ जाता है, जब तक शिकायत न हो कोई बिजली कर्मी आता ही नहीं। बड़े अधिकारी मानिटरिंग के नाम पर कुर्सी तोड़ रहे हैं। वहीं एक ओर जहां क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, वहीं अब बिजली बिलों में अचानक भारी बढ़ोतरी ने लोगों को और भी चिंतित कर दिया है। और अब बढ़ा हुआ बिल स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के महीनों से शुरू हुई लो वोल्टेज की समस्या आज तक जारी है। शिकायतें करने पर कभी-कभी 1-2 घंटे में सुधार होता है, लेकिन यह राहत अस्थायी साबित होती है। अब इसके साथ एक और बड़ी समस्या जुड़ गई है, बिजली बिलों में बेतहाशा वृद्धि। अधिकांश परिवारों का बिल पिछले महीनों की तुलना में लगभग दुगुना आ रहा है, जबकि बिजली उपयोग में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई है।

**सुनवाई नहीं हो रही :** स्थानीय निवासी शिव कुमार का कहना है कि बिजली आती नहीं, और जब आती है, तो पंखा तक नहीं चलता। इसके बावजूद पिछले महीने का बिल 1,000 रुपए की जगह 2000 रुपए आ गया। ये कहां का न्याय है? हम हर महीने समय पर बिल भरते हैं, लेकिन अब तो ऐसा लग रहा है जैसे हम अंधेरे में भी मोटा बिल भर रहे हैं। विभाग कोई सुनवाई नहीं कर रहा।



### शिकायतों के बाद समाधान नहीं

लोगों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद बिजली विभाग की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। न ट्रांसफार्मर बदला गया, न लाइन की मरम्मत हुई, शिकायत करने पर ही अस्थाई रूप से बिजली ठीक क्या जाता है। विगत 6 माह से यही समस्या चल रहा है।

### ट्रांसफार्मर की क्षमता लो

स्थानीय निवासियों ने बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द क्षेत्र में स्थायी समाधान करें। ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाए, वोल्टेज की स्थिति सुधारी जाए और बढ़े हुए बिजली बिलों की जांच कर उचित सुधार किया जाए।

# सीमेंट के दाम घटे, लेकिन ग्राहकों को नहीं मिल रहा लाभ

## जीएसटी 2.0 : घर बनाने का सपना होगा किफायती बना जुमला

**रायपुर, 27 सितम्बर।** केंद्र सरकार ने सीमेंट पर जीएसटी की दर को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है. यानी सीमेंट पर जीएसटी की दरें 10 प्रतिशत कम हो गई हैं. राजधानी रायपुर में सीमेंट की कीमत होलसेल में 310-305 रुपए व रिटेल में 320-330 रुपए प्रति बैग थी. जीएसटी दर में कटौती के बाद सीमेंट अब प्रति बैग लगभग 20 से 25 रुपए तक सस्ता होना चाहिए था, लेकिन रिटेलर अभी भी पुरानी कीमत पर ही उपभोक्ताओं को सीमेंट बेच रहे हैं.






बताया गया है कि जीएसटी की नई दर लागू होने के बाद सीमेंट कंपनियों ने सीमेंट की कीमत 20 से 25 रुपए तक कम कर दी है, लेकिन रिटेलरों द्वारा अभी भी पुरानी दरों में ग्राहकों को सीमेंट बेचा जा रहा है. इसके चलते आम उपभोक्ताओं को सीमेंट पर जीएसटी दर में कटौती का सीधा लाभ नहीं मिल पा रहा है. निर्माण लागत में कमी सीमेंट की कीमत घटने से ग्रामीण व शहरी इलाके के सभी वर्ग के उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा. वहीं, निर्माण लागत पर सीधा असर पड़ेगा. मकानों की निर्माण लागत में कमी आएगी और आम लोग आसानी से मकान बना पाएंगे. सीमेंट की कीमत में प्रति बैग 20 से 25 रुपए तक की कमी आने से आम उपभोक्ताओं को काफी राहत मिल सकती है.

### आकाशवाणी केन्द्र से होगा सेवा पखवाड़ा पर विशेष वार्ता का प्रसारण

रायपुर, 27 सितबंर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देश भर में मनाये जा रहे सेवा पखवाड़ा पर भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व सांसद श्री संतोष पाण्डेय जी का आकाशवाणी द्वारा साक्षात्कार रिकॉर्ड किया गया है । जिसका प्रसारण आकाशवाणी केंद्र रायपुर से इस साक्षात्कार का शनिवार 27 सितंबर, सुबह 9.00 बजे से किया जायेगा । इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्रों से एक साथ प्रसारण किया जायेगा।

# अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही कांग्रेस : पांडेय

**रायपुर, 27 सितबंर।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पांडेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसका मूल उद्देश्य केवल भ्रष्टाचार करना ही है। पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ सरकारी खजाने और जन-धन पर अपनी नजर गड़ाए रहती है। इसी राष्ट्र विरोधी मानसिकता के चलते कांग्रेस पार्टी को जनता ने नकार दिया है। पिछले 2014 से कांग्रेस देश के कुछ राज्यों तक ही सिमटकर रह गई है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस में अंतर्कलह चरम पर है। पूरी कांग्रेस पार्टी बिखर चुकी है। अंदरूनी लड़ाई तो अब बाहर बड़े-बड़े मंचों में दिखने को मिल रही है। श्रीमती पांडेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं ने तो अपने-अपने लिए धन इकठ्ठा कर लिया है, लेकिन कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की कोई इज्जत नहीं होती। भरे मंच से चलते भाषण में माइक खींच लिया जाता है। अपने ही कार्यकर्ताओं को स्लीपर सेल एवं चमचे बोलकर अपमानित करते हैं। अपनी ही पार्टी के प्रत्याशी को हराने वाले बागियों को पार्टी में पुनः शामिल करके नेता प्रतिपक्ष बना दिया जाता है। श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ में 36 धड़ों में बँट चुकी है, जिसे समेटने के लिए कांग्रेस पार्टी को अब 17 आब्जर्वर नियुक्त करने पड़ रहे हैं। कार्यकर्ताओं में भारी हताशा और निराशा है तथा वे समझ नहीं पा रहे हैं कि वह अपने सनातन धर्म के साथ रहें या तुष्टीकरण करने वाली कांग्रेस पार्टी के साथ। इसी वजह से कांग्रेस कार्यकर्ता भी अब कांग्रेस पार्टी का साथ नहीं दे रहे हैं।

## डोंगरगढ़ में नवरात्र के दौरान विवाद: राजकुमार भवानी बहादुर सिंह ने मंदिर ट्रस्ट पर लगाया आरोप

# दाई बमलई पंचमी भेंट में राजपरिवार की अनदेखी

**राजनांदगांव, 27 सितम्बर।** राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में नवरात्र के पावन अवसर पर मां बम्लेश्वरी मंदिर में आयोजित 'दाई बमलई पंचमी भेंट' के दौरान खैरागढ़ राजपरिवार के राजकुमार भवानी बहादुर सिंह ने मंदिर प्रबंधन और ट्रस्ट व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने आदिवासी समाज की परंपराओं और संस्थापक परिवार की अनदेखी का मुद्दा उठाया, जिससे डोंगरगढ़ में विवाद गरमा गया है। यह आयोजन शुक्रवार (26 सितंबर) रात हुआ। जिसमें गोंडवाना गोंड समाज की ऐतिहासिक परंपरा का निर्वहन किया गया।

राजकुमार भवानी बहादुर सिंह पहली बार इसमें शामिल हुए और सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ माता के दरबार पहुंचे। इसी मंच से उन्होंने अपनी बात रखी।

**ट्रस्ट की चुनाव प्रणाली में सुधार की मांग:** भवानी बहादुर सिंह ने शासन-प्रशासन से अपील की कि ट्रस्ट की चुनाव प्रणाली में सुधार किया जाए और संस्थापक सदस्यों की राय को अनिवार्य किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समाज को उसका हक नहीं मिला, तो गोंड समाज अपने अधिकार लेने के लिए मजबूर होगा।



### बताया परंपरा का अपमान

राजकुमार ने कहा कि बम्लेश्वरी धाम में सदियों से बैगा पूजा को प्राथमिकता दी जाती रही है। यह परंपरा उनके पूर्वज राजा कमल नारायण के समय से चली आ रही है। हालांकि, अब उन्हें और उनके वंश को जानबूझकर दरकिनार किया जा रहा है, जो परंपरा का अपमान है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उनके दादा ने सेवा भाव से ट्रस्ट की नींव रखी थी, जिसमें सभी वर्गों को जगह मिली थी, लेकिन आज संस्थापक परिवार को ही बाहर कर दिया गया है। राजकुमार ने आरोप लगाया कि ट्रस्ट का संचालन अब अपनी मूल भावना से भटक गया है।

### डोंगरगढ़ का रियासतकालीन इतिहास

डोंगरगढ़ रियासत ब्रिटिश काल में खैरागढ़ और राजनांदगांव के साथ छत्तीसगढ़ की प्रमुख रियासतों में से एक थी, जिसका शासक राजा घासीदास बहादुरी और निर्भीकता के लिए प्रसिद्ध था।
1816 में डोंगरगढ़ से नागपुर भेजे जा रहे कर की राशि को राजा घासीदास ने लूट लिया, जिससे ब्रिटिश हुकूमत हक्का-बक्का रह गई।
नागपुर के रेजिडेंट सर रिचर्ड जेडिंक्स ने खैरागढ़ के राजा टिकैत राय और नांदगांव के राजा महंत मौजीराम को आदेश दिया कि डोंगरगढ़ के राजा को बंदी बनाकर नागपुर लाया जाए, और दोनों रियासतों के शासकों ने डोंगरगढ़ पर चढ़ाई कर इसे जीत लिया।
इसके बाद अंग्रेजों ने डोंगरगढ़ का आधा क्षेत्र खैरागढ़ और आधा नांदगांव को सौंप दिया, जबकि खैरागढ़ के राजा टिकैत राय की वीरता से प्रभावित होकर उन्हें सिंह टाइटल और डोंगरगढ़ की गद्दी का अधिकार भी दिया गया।
स्वतंत्रता के बाद रियासतों के शासकों को राजकीय सम्मान और पेंशन दी गई और Instrument of Accession पर हस्ताक्षर के साथ खैरागढ़ रियासत भारत का हिस्सा बन गई।
राजा बीरेन्द्र बहादुर सिंह ने अपने पुत्रों रविन्द्र बहादुर और शिवेंद्र बहादुर को क्रमशः खैरागढ़ और डोंगरगढ़ का प्रबंधन सौंपा और 1976 में मां बम्लेश्वरी मंदिर के संचालन के लिए ट्रस्ट का गठन किया, जो आज तक मंदिर की पूजा और व्यवस्थाएं संभाल रहा है।
हालांकि, हाल ही में राजपरिवार की ओर से इस ट्रस्ट और मंदिर प्रबंधन को लेकर उठे विवाद ने न केवल डोंगरगढ़ बल्कि पूरे प्रदेश में हलचल मचा दी है।

# शादीशुदा युवक ने नाबालिग लड़की को बनाया हवस का शिकार

## सात माह की गर्भवती होने पर हुआ खुलासा

**रायपुर, 27 सितम्बर।** शादीशुदा युवक ने नाबालिग लड़की को हवस का शिकार बनाया. लड़की से हुए दुष्कर्म की जानकारी परिजनों को उसके सात माह के गर्भवती होने के बाद पता चला. परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. मामला गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र का है, जहां ग्राम हसदा नंबर 02 का रहने शादीशुदा युवक राधेलाल पिता महेश यादव (22 वर्ष) ने महाशिवरात्रि की रात गांव की एक नाबालिग लड़की को डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म को अंजाम दिया. डरी-सहमी लड़की ने इस बात की जानकारी सात महीने तक किसी को नहीं दी. इस बीच लड़की का पेट बड़ा दिखने पर परिजनों ने उससे पूछताछ की तो उसने पूरी घटना बयां कर दी. अवाक परिजन पीड़िता को लेकर गोबरा नवापारा थाना पहुंचे और आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई. पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.



स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26